

The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

# हादसे के बाद अभियान, आटो-टैक्सियों व जीप की धरपकड़

## कोतवाली में खड़े कराए गए तमाम वाहन, ज्यादातर सीज

कार्यालय, चित्रकूट

**अमृत विचार।** भीषण सड़क हादसे के बाद से तीर्थक्षेत्र में दौड़ने वाले आटो-टेंपो और डग्गामार जीपों पर पुलिस की धरपकड़ कार्रवाई तेज हो गई। बुधवार को चेकिंग अभियान चलाकर पचासों वाहनों को कोतवाली में खड़ा करा लिया गया। ज्यादातर को सीज कर दिया गया।

गौरतलब है कि मंगलवार को आटो और ट्रक की भिड़ंत में सात लोगों की मौत हो गई थी। इसमें से पांच तीर्थयात्री थे। प्रथमदृष्टया यह बात सामने आई थी कि आटो में निर्धारित संख्या से ज्यादा सवारियां बैठी थीं और वाहन बहुत तेज गति से चल रहा था। ओवरटेक करने के चक्कर में दुर्घटना हुई थी।

हादसे के बाद जैसे पुलिस की नींद टूटी और वाहनों की धरपकड़ तेज हो गई। जगह जगह चेकिंग लगाकर आटो, टेंपो-टैक्सियों और जीपों को पकड़ा गया और कोतवाली में खड़ा करा लिया गया। इससे लोगों की आवाजाही भी बुरी तरह से प्रभावित हो गई। अखबार लाने ले जाने वाले वाहनों तक को नहीं बख्शा गया। वहीं अधिकारियों का कहना है कि आगामी दिनों में भी अभियान जारी रहेगा। नियम तोड़ने वालों को बख्सा नहीं जाएगा।


कोतवाली में खड़े सीज किए गए वाहन। अमृत विचार

### कार्रवाई से ही उठे सवाल

हालांकि पुलिस की इस कार्रवाई के बाद से ही यह सवाल उठ खड़ा हुआ है कि क्या अभी तक ये वाहन नियमविरुद्ध चल रहे थे। भारी संख्या में वाहनों का पकड़ा जाना भी इस बात को बल देता है कि अनदेखी छूट की वजह से ही ये वाहन सड़क पर निर्द्वंद्व दौड़ रहे थे।

### लोग निभाएं जिम्मेदारी, ताकि न हो हादसा

इधर, यातायात पुलिस ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। ऐसे में सभी वाहन चालकों से अपील की जाती है कि वे वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करना यकीनी बनाएं। साथ ही दूसरों को भी नियमों का पालन करने के लिए भी प्रेरित करें।

### कोतवाली प्रभारी बोले उच्चाधिकारियों का निर्देश

इस संबंध में कोतवाली प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह से जब यह पूछा गया कि कितने वाहन सीज किए गए तो उन्होंने कहा कि अभी कुल संख्या नहीं बता सकते। बताया कि सुबह तक फिफ्टी प्लस वाहन सीज किए गए थे। कोतवाली और शिवरामपुर चौकी में वाहन सीज किए गए हैं। यह कार्रवाई उच्चाधिकारियों के निर्देश पर की जा रही है। उन्होंने बताया कि वह डीआईजी की मीटिंग में जा रहे हैं, इसलिए बाकी जानकारी बाद में दे पाएंगे।

### तो नहीं निकल सकेगा खर्च

उधर, वाहनचालकों की भी अलग व्यथा है। इन लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अगर निर्धारित संख्या से ज्यादा सवारियां न बैठाएंगे तो खाएंगे क्या, परिवार को खिलाएंगे क्या। कई लोगों ने बताया कि उन्होंने तो किस्त में वाहन लिया है। ऐसे में उनके सामने मजबूरी है। या फिर किराया बढ़ा दिया जाए। कुछ ने तो यहां तक कहा कि कई पुलिसकर्मियों का भी पैसा बंधा है। चालकों और वाहनमालिकों ने कहा कि अब पुलिस पकड़े चाहे छोड़े, वे कर क्या सकते हैं।

### वसूला मनमाना किराया

उल्लेखनीय बात यह रही कि जो वाहन बचे रहे, उन्होंने भी यात्रियों को जमकर लूटा। मनमाना किराया लेकर बैठाया। यात्री भी मजबूरीवश उनकी बात मानकर निर्धारित से ज्यादा किराया देते रहे। वाहनचालक भी कम दोषी नहीं राकेश, किशोरीलाल, बुतानीराम आदि तमाम लोगों का कहना था कि इस कार्रवाई के लिए वाहनचालक भी कम दोषी नहीं हैं। अमावस्या आदि पर्वों पर बाहर से आने वाले लोगों से मनमाना किराया वसूलना और संख्या से दोगुना अधिक तक यात्रियों को बैठाना इनका टेंड जैसा बन गया है।

### रवन्ना का मामला भी चर्चा में

उधर, जिस ट्रक से आटो की दुर्घटना हुई है, उसका भी मामला गहराया है। बताया जाता है कि उसमें क्रशर डस्ट लदी थी। आरोप है कि तब इसका रवन्ना नहीं था। बताया जाता है कि लेनदेन के बाद वाहन को खाली कराया गया और फिर बाद में कौशांबी के लिए इसका रवन्ना आननफानन में बनाया गया। ऐसे में हादसे और रवन्ना बनाए जाने के समय को लेकर अंतर पर कई सवाल उठ रहे हैं। जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह ने बताया कि इस संबंध में जानकारी हुई है। मामले की जांच की जा रही है।


रेलवे स्टेशन के पास परेशान खड़े यात्री। अमृत विचार

# तीर्थयात्री और तीमारदार सवारी के लिए परेशान

कार्यालय, चित्रकूट

**अमृत विचार।** इस धरपकड़ से बाहर से आने वाले तीर्थयात्री बेहद परेशान रहे। कानपुर से आईं सुधा ने बताया कि वह चित्रकूट दर्शन करने आई हैं। उनके साथ चार-पांच लोग और हैं। बताया कि टेंपो वाले लूट मचाए हैं। इतना किराया कैसे दें। लगभग आधे घंटे से खड़े हैं, वाहन नहीं मिल रहा। हरपालपुर से आए एक व्यक्ति ने बताया कि आंख बनवाने के लिए जानकीकुंड अस्पताल जाना है। कोई भी वाहनचालक तैयार नहीं है। कानपुर के नारेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि जानकीकुंड अस्पताल मां का आपरेशन कराने जाना है। एक घंटा हो गया, साधन नहीं मिल रहा। कन्नौज से आए सौरभ दुबे ने बताया कि टेंपो वाले पचास रुपये तक मांग रहे हैं।

# जिलाधिकारी ने बनाड़ी में कराई क्रॉप कटिंग

कार्यालय चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बुधवार को तहसील कर्वी के अंतर्गत ग्राम पंचायत बनाड़ी में क्रॉप कटिंग कराई। इस मौके पर किसान राजकरण के गेहूं के खेत में जरीब के माध्यम से त्रिभुजाकार आकार 0.089 हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं काटा गया। इसकी कुटाई करने पर कुल गेहूं 12 किलो 400 ग्राम निकाला गया। अपर सांख्यिकी अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि क्रॉप कटिंग के आधार पर प्रति हेक्टेयर के अनुसार 28.630 क्विंटल गेहूं निकला है। इस दौरान तहसीलदार कर्वी वाचस्पति, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, अपर सांख्यिकी अधिकारी संतोष कुमार सिंह, कानूनगो सुधीर कुमार सिंह, लेखपाल चंद्रभान सिंह मौजूद रहे।


क्रॉप कटिंग के बाद तौल कराते जिलाधिकारी। अमृत विचार

### सरकारी केंद्रों पर गेहूं खरीद की शुरुआत

**चित्रकूट।** जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा ने बताया कि बुधवार को खाद्य विभाग के मंडी परिसर स्थित सरकारी केंद्र पर गेहूं खरीदकर खरीदी की शुरुआत की गई। किसान कृष्णचंद्र उर्फ लल्लू निवासी ग्राम बालापुर खालसा से 40 क्विंटल गेहूं खरीदा गया। इस मौके पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा एवं मंडी सचिव विपुल कुमार आदि मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि पीसीएफ के क्रय केंद्र रामपुर कल्याणगढ़, किहुनिया एवं रामपुर बाधी पर भी खरीद शुरू कर दी गई है। किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए जिला खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय में खरीद प्रकोष्ठ का कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका मोबाइल नम्बर 8707219558 एवं 7355904833 है। किसानों से अपील की कि ऑनलाइन पंजीकरण पहले से ही करा लें, जिससे उनको गेहूं बेचने में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

# तुलसी घाट के सौंदर्यीकरण की कार्ययोजना पर चर्चा

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

- तुलसी गौशाला निर्माण के लिए शिलान्यास किया

**अमृत विचार।** तुलसीतीर्थ में तुलसी घाट के लिए वंदन योजना के अंतर्गत सुंदरीकरण के लिए अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने बुधवार को कार्ययोजना पर चर्चा की। इस दौरान तुलसी गौशाला निर्माण के लिए शिलान्यास भी किया गया।

गौरतलब है कि प्रदेश सरकार ने घाट सुंदरीकरण के लिए दो करोड़ रुपये दिए हैं। इस पर उप जिलाधिकारी प्रमोद झा, नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा की मौजूदगी में कार्ययोजना बनाई गई। नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि कस्बे के विकास के लिए कई करोड़ रुपये के प्रस्ताव भेजे गए थे। वंदन योजना के तहत सरकार ने तुलसी घाट के सुंदरीकरण धनराशि आवंटित की है। तुलसी घाट की सीढ़ियां जर्जर होने से स्नानार्थियों को दिक्कत होती है। इनको ऊंची और चौड़ी किया जाएगा।


तुलसी घाट का निरीक्षण करते एसडीएम और नगर पंचायत अध्यक्ष। अमृत विचार

पक्की फर्श व बैरीकेडिंग भी कराई जाएगी। इसी क्रम में वृंदावन के संत रामदास, एसडीएम, नपंअ ने तुलसी जन्मकुटीर के पास तुलसी गोसेवा गौशाला निर्माण के लिए तुलसी मानस पीठ के पुजारी रामाश्रय दास व तुलसी जन्मकुटीर के पुजारी शिवाकांत चतुर्वेदी के साथ भूमिपूजन किया। वेद मंत्रों का उच्चारण किया गया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह, अयोध्या प्रसाद पांडेय, गंगाधर पांडेय, बिहारीलाल, मुन्ना पुजारी आदि मौजूद रहे।

# स्कूल की नई शाखा का किया उद्घाटन

**बांदा:** डायमंड जुबली चिल्ड्रेन इंग्लिश मीडियम जूनियर हाई स्कूल की नई शाखा का मैनेजर ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर वार्षिक गृह परीक्षा के दौरान सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। शहर के खुटला स्थित फात्मा गर्ल्स इंटर कॉलेज परिसर में बुधवार को भव्य समारोह के बीच डायमंड जुबली चिल्ड्रेन इंग्लिश मीडियम जूनियर हाई स्कूल की नई शाखा का उद्घाटन मैनेजर राफिया खानम ने फीता काटकर किया।।

### नुकसान...


**बरगढ़ (चित्रकूट)।** फल लेकर प्रयागराज से मऊ जा रही पिकअप बुधवार सुबह बरगढ़ घाटी पर अनियंत्रित होकर पलट गई। मऊ कस्बा निवासी एक फल व्यापारी प्रयागराज से तरबूज, अंगूर, संतरा आदि फल पिकअप से लोड कर मऊ ले जा रहा था। बताते हैं कि किसी जानवर के अचानक सामने आने से वाहन पलट गया। व्यापारी का लाखों रुपये का नुकसान हो गया।

# ट्रैक्टर-टॉलियों से न आने पाएं श्रद्धालु, रखें नजर

कार्यालय,चित्रकूट

**अमृत विचार।** चैत्र मास के सोमवती अमावस्या मेले के मद्देनजर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार ने मध्य प्रदेश के अधिकारियों के साथ बैठक की। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से श्रद्धालु कतई न आने पाएं। डीएम ने कहा कि आठ अप्रैल को सोमवती अमावस्या है। इसका मेला सात से नौ अप्रैल तक चलेगा। मेला क्षेत्र को तीन जोन तथा 12 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। डीएम ने अधिकारियों को सफाई, अन्ना मवेशी, वाहनों की पार्किंग संबंधी व अन्य निर्देश दिए।

# सीओ व तीन सिपाहियों पर प्रकीर्णवाद

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- गैंगरेप पीड़िता ने कोर्ट से लगाई न्याय की गुहार
- होटल के तीन कर्मचारियों पर भी रेप का आरोप

**अमृत विचार।** कोतवाली के अंतर्गत एक गांव निवासी गैंगरेप पीड़िता किशोरी ने पुलिस से मायूस होकर अब कोर्ट की शरण ली है। पीड़िता के अधिवक्ता रामकृष्ण ने बताया कि उसने तत्कालीन सीओ, तीन पुलिसकर्मियों और एक होटल के तीन कर्मचारियों के खिलाफ न्यायालय में धारा 156 (3) के तहत प्रकीर्णवाद दायर किया है।

किशोरी ने कोर्ट को दिए प्रार्थनापत्र में बताया है कि 23 फरवरी 2024 की सुबह गांव निवासी संजय उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था। आरोप लगाया कि उसने अपने भाइयों रामरतन और रतनवा के साथ आठ दिन तक उसे सीतापुर स्थित श्रीजी होटल में बंधक बनाकर रखा। इस दौरान उससे कई बार दुराचार किया गया और गालीगलौज करते हुए मारपीट की गई। 26 फरवरी को इस संबंध में उसके पिता ने एफआईआर दर्ज कराई थी। इस पर पुलिस उसे बरामद कर कोर्ट ले गई थी। किशोरी का आरोप है कि तीन कांस्टेबलों ने उसे धमकाकर कहा था कि अदालत में यह कहना कि अपनी मर्जी से गई थी। अदालत में बयान के बाद तीनों कांस्टेबल उसे फिर उसी होटल में ले गए और



वहां कई दिन रखे रहे। आरोप है कि वहां होटल के तीन कर्मचारियों ने भी उसके साथ दुराचार किया। किशोरी का आरोप है कि होटल में सीओ भी आए और उसके साथ दुराचार किया। कई दिन बाद उसके पिता को बुलाकर उसको सौंपा गया। यह भी कहा गया कि अगर कहीं कार्रवाई करोगी तो तुमको और पिता को मार दूंगा, फर्जी मुकदमा में फंसाकर जेल भिजवा दूंगा। पीड़िता के अधिवक्ता रामकृष्ण ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने सिर्फ अपहरण और जान से मारने की धमकी की रिपोर्ट दर्ज की और जब पीड़िता को आरोपियों के साथ बरामद किया तो इसके बाद भी गैंगरेप की धारा नहीं जोड़ी गई। कोर्ट में मनमाना बयान देने के लिए भी दबाव डाला। आरोपियों को अब तक गिरफ्तार भी नहीं किया गया।

### परिजनों को बताई आपबीती

पीड़िता का कहना है कि जब वह दोबारा आरोपियों के चंगुल से छूटकर घर पहुंची तो उसने परिजनों को आपबीती बताई। इसके बाद पिता के साथ फिर रिपोर्ट दर्ज कराने कोतवाली गई लेकिन न तो पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की और न निष्पक्ष विवेचना की और न कोई कानूनी कार्रवाई की। उसे और उसके पिता से गालीगलौज कर भगा दिया। उसने एक अप्रैल को एसपी से इसकी लिखित शिकायत की और व्यक्तिगत रूप से मुलाकात भी की। इसके बाद भी उसकी रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई। पीड़िता होटल कर्मचारियों के नाम तो नहीं बता सकी है पर उसका कहना है कि अगर वे सामने आएंगे तो वह पहचान जाएगी।

### थक हारकर ली कोर्ट की शरण

अधिवक्ता रामकृष्ण ने बताया कि पीड़िता के साथ जब पुलिस ने न्याय नहीं किया तो बाध्य होकर उसने उनके माध्यम से कोर्ट में दांडिक प्रकीर्णवाद प्रस्तुत किया है। उसने कोर्ट से गुहार लगाई है कि इस संबंध में पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कर निष्पक्ष विवेचना का आदेश जारी किया जाए। इसके साथ ही उसने अपनी और अपने परिवार के जानमाल की रक्षा करने की गुहार की है। प्रकीर्णवाद के तहत आरोपियों को कोर्ट से नोटिस जारी किया जाएगा और अपना पक्ष रखने को कहा जाएगा।

**कवायद** कमिश्नर और डीआईजी ने चुनाव के मद्देनजर दिए निर्देश, स्वीप के माध्यम से गांव-गांव प्रचार पर जोर

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए घर-घर जाकर दें पर्ची

कार्यालय,चित्रकूट

**अमृत विचार।** मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता पर्ची जरूर दें, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान में हिस्सा ले सकें। मतदान को त्योहार के रूप में मनाएं। बुधवार को कमिश्नर ने डीआईजी बांदा अजय कुमार सिंह के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर बैठक की। इस मौके पर डीएम अभिषेक आनंद व एसपी अरुण कुमार सिंह मौजूद रहे।

कमिश्नर ने अधिकारियों से कहा कि दोनों विधानसभा क्षेत्रों की पोलिंग पार्टियों के लिए रवाना स्थल पर अलग-अलग व्यवस्था की जाए। स्वीप के माध्यम से प्रत्येक गांव में प्रचार प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि 80 साल से अधिक उम्र और दिव्यांग मतदाता का मतदान पोस्टल बैलेट से कराया जाए। उन्होंने कई अन्य दिशानिर्देश भी दिए। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर से कहा कि इस चुनाव में मतदान प्रतिशत 70 प्रतिशत से अधिक बढ़ाना है। स्वीप के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित कराकर अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करें। सीडीओ ने बताया कि जहां गत चुनावों में 55 प्रतिशत से कम मतदान हुआ है, उन क्षेत्रों में घर-घर स्टीकर लगाकर जागरूक किया जा रहा है। एसपी ने बताया कि चारों तहसीलों में कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। जिला मुख्यालय पर भी कंट्रोल रूम संचालित कराया गया है। उन्होंने अन्य व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी दी। बैठक में एडीएम उमेश चंद्र निगम, राजेश प्रसाद, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, मानिकपुर पंकज वर्मा, मऊ राकेश कुमार पाठक, राजापुर प्रमोद कुमार झा, सीओ राजापुर निष्ठा उपाध्याय, मऊ जयकरन सिंह, एएसडीएम मोहम्मद जसीम, सतीश चंद्र सहित आदि प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।


चुनाव संबंधी बैठक लेते कमिश्नर और डीआईजी, साथ में डीएम, एसपी और अन्य।

### स्वयं सहायता समूहों को भी दें जिम्मेदारी

मंडलायुक्त ने डीसी एनआरएलएम से कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा और एएनएम की टीम बनाकर मतदाताओं को जागरूक करने के निर्देश दें। जिन बूथों पर मतदान अच्छा होगा वहां के सभी कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। कमिश्नर ने वाहनों की उपलब्धता, पुलिस व्यवस्था, संवेदन, अतिसंवेदनशील और क्रिटिकल बूथों आदि की व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

### अवैध शराब के खिलाफ चलाएं अभियान

डीआईजी ने एसपी से कहा कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाएं। जिला आबकारी अधिकारी और पुलिस अधिकारियों की टीम बनाकर छापेमारी करें। थानाध्यक्ष शस्त्र लाइसेंस शत प्रतिशत जमा कराएं। मध्य प्रदेश की सीमा के पास स्थित बूथों पर सुरक्षा व्यवस्था अधिक कराई जाए।

### सोशल मीडिया पर भी रखें कड़ी नजर

डीआईजी ने कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखें कि भ्रामक खबरें न फैलें। अगर कोई खबर सही है तो तत्काल उसका निस्तारण कराया जाए और अगर कोई गलत खबर फैला रहा है तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। किसी के कहने पर किसी भी व्यक्ति के खिलाफ गलत कार्रवाई न की जाए।

### कुल 851 बूथ बनाए गए

जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में चित्रकूट व मानिकपुर दोनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 851 बूथ बनाए गए हैं। इनको 21 जोन व 87 सेक्टर में विभाजित किया गया है। मतदान कार्मिकों को चित्रकूट इंटर कॉलेज में प्रशिक्षण दिया जाएगा। मतगणना स्थल राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर बनाया गया है।

# ग्रामीणों ने शराब ठेका हटाने के लिए भेजा पत्र

कार्यालय चित्रकूट

**अमृत विचार।** राजापुर थानांतर्गत नांदिन कुर्मियान के ग्रामीणों ने बस्ती के अंदर खुले देशी शराब का ठेका हटवाने के लिए जिलाधिकारी को पत्र भेजा है। इनका कहना है कि नशेड़ी पूरे गांव में उत्पात मचाते हैं। आरोप लगाया कि गांव का कोई व्यक्ति विरोध करता भी है तो ठेकेदार देख लेने की धमकी देता है। कहता है कि हर महीने कमीशन देता हूं, दुकान किसी कीमत पर नहीं हटाऊंगा।

# आरोपी गिरफ्तार शराब बरामद

**मऊ (चित्रकूट)।** एसआई गंगाचरण प्रजापति ने गोरेलाल पुत्र सूरजदीन निवासी हन्ना बिनैका को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी पर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस टीम में मुख्य आरक्षी इकरार अहमद शामिल रहे।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# जेल में बंद मुख्तार अंसारी की मौत पर मानवाधिकार आयोग में केस

## सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर की पहल पर दर्ज हुआ मामला

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के मामले पर बवाल अभी थमने का नाम नहीं ले रहा है। जहां एक ओर सीजेएम के आदेश पर न्यायिक और जिलाधिकारी के निर्देश पर मामले की मजिस्ट्रेटीयल जांच की जा रही है, वहीं इस मामले पर सेवानिवृत्त आईपीएस और आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर की पहल पर मानवाधिकार आयोग में भी केस दर्ज हो गया है। हालांकि मानवाधिकार आयोग के समक्ष जेल अधीक्षक ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है।

मंडल कारागार में निरुद्ध पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की 28 मार्च की रात हार्ट अटैक से मौत हो गई। मौत के बाद जहां प्रशासनिक अमला सकते में आ गया, वहीं समाजसेवी संगठनों से लेकर राजनीतिक दलों तक ने माफिया की मौत पर संदेह जताते हुए मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की थी। उधर मुख्तार के परिजनों ने भी जेल प्रशासन पर हत्या का षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया था। इसके पहले मुख्तार ने बाराबंकी की अदालत में वकील के



मंडल कारागार में खड़ी अधिकारियों की गाड़ियां। अमृत विचार

- **जेल में बंद मुख्तार की 28 मार्च को हार्ट अटैक से हो गई थी मौत**
- **मुख्तार ने भोजन में स्लो प्वाइजन देने का लगाया था आरोप**

जरिए प्रार्थनापत्र देकर जेल प्रशासन पर भोजन के साथ 'स्लो प्वाइजन' देने का गंभीर आरोप लगाया था। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष रिटायर्ड आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने भी मानवाधिकार आयोग को शिकायत भेज कर मौत के हालातों की बिंदुवार जांच कराने की मांग उठाई थी। शिकायत में ठाकुर ने कहा था कि जब मुख्तार और उसके परिजन हत्या का षड्यंत्र रचने का आरोप लगा रहे थे और मुख्तार लगातार अपनी तबीयत खराब होने की बात कह रहा था तो उसे अस्पताल में रखकर समुचित उपचार मिलना चाहिए था, जबकि मौत के दो दिन पहले बीमार होने पर प्रशासन उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती तो कराया लेकिन उपचार के बाद उसे वापस जेल भेज दिया गया। इसके बाद 28 मार्च को उसकी तबीयत और अधिक खराब हो गई और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। ठाकुर का कहना है कि मामले में कई ऐसे तथ्य हैं, जिससे मौत का मामला संदिग्ध प्रतीत होता है। मानवाधिकार आयोग ने ठाकुर की शिकायत और जेल अधीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर केस संख्या 6183/24/12/2024 जेसीडी दर्ज कर लिया है।

### मुख्तार की मौत पर दो जांच कमेटियां सक्रिय

मंडल कारागार में बंद रहे माफिया मुख्तार अंसारी की मौत पर गठित दो जांच कमेटियां सक्रिय हो गई हैं। जहां एक ओर सीजेएम भगवान दास गुप्ता के आदेश पर नामित न्यायिक जांच अधिकारी एसीजेएम प्रथम गरिमा सिंह और जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के आदेश पर नामित मजिस्ट्रेटीयल जांच अधिकारी अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार ने मंडल कारागार पहुंचकर जांच तेज कर दी है। दोनों ही अधिकारी लगभग दो घंटे जेल के अंदर मौजूद रहे। सूत्रों की मानें तो एसीजेएम प्रथम गरिमा सिंह और ने जेल पहुंचकर जेल प्रशासन की मौजूदगी में जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है। सभी बिंदुओं का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद जेल के स्टाफ से पूछताछ की। जेल में स्थित मुख्तार की बैरक नंबर 16 को पहले ही सील किया जा चुका है, ताकि साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ न की जा सके। वहीं मजिस्ट्रेटीयल जांच अधिकारी एडीएम राजेश कुमार ने भी अपनी जांच तेज करते हुए जेल पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए। एडीएम ने सार्वजनिक सूचना जारी करके 15 अप्रैल तक संबंधित व्यक्तियों से लिखित, मौखिक अभिकथन, साक्ष्य या बयान प्रस्तुत करने को बुलाया है।

## एक नजर

### दरवाजे पर करंट उतरने से छात्र की मौत

**बांदा :** दरवाजा छूते ही करंट की चपेट में आ जाने से छात्र की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गिरवां कस्बा निवासी शुभम (16) पुत्र महेश बुधवार की दोपहर को नहा रहा था। नहाने के बाद वह सबमर्सिबल बंद करने के लिए आगे बढ़ा, उसे दरवाजा पार करके जाना था। दरवाजे से गुजरी केबिल कटी होने की वजह से दरवाजे पर करंट दौड़ रहा था। पानी से भीगा शुभम जैसे ही सबमर्सिबल बंद करने के लिए शुभम आगे बढ़ा और दरवाजा छूते ही वह करंट की चपेट में आकर चिपक गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल पर कोई मौजूद नहीं था। काफी देर के बाद जब परिजनों ने शुभम को देखा तो कोहराम मच गया। आनन-फानन में करंट से अलग करने के बाद देखा गया तो उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक गिरवां इंटर कालेज में कक्षा 11 में पढ़ता था। पिता किसानी करके परिवार का भरण पोषण करते हैं।

### जहरीला कीड़ा काटने से इंटर के छात्र की मौत

**बांदा :** शहर के आवास विकास एलआईजी-ए 310 निवासी रुद्राक्ष (18) पुत्र ओमप्रकाश इंटर में पढ़ता था। वह अपने नाना डा.केडी तिवारी और नानी नीलम तिवारी के घर में बचपन से ही रह रहा था। बुधवार की सुबह उसे जहरीले कीड़े ने काट लिया। कुछ देर के बाद जब उसकी हालत बिगड़ी तो परिजन तत्काल रुद्राक्ष को लेकर रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज पहुंचे, वहां पर उपचार के दौरान रुद्राक्ष की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के मामा स्वप्निल तिवारी ने बताया कि रुद्राक्ष दो भाइयों में बड़ा था।

## शिक्षणेत्तर कर्मचारी आंदोलित, आदेश वापस लेने की मांग

**बांदाः** हाईस्कूल व इंटरमीडिएट उत्तर पुस्तिकाओं के बंडलों को क्षेत्रीय कार्यालय में जमा कराने का आदेश शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को रास नहीं आ रहा। शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के बैनर तले जिलाध्यक्ष कामता प्रसाद व महामंत्री नंदकिशोर गुप्ता की अगुवाई में कर्मचारियों ने बुधवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में नए प्रदर्शन किया। माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव को संबोधित ज्ञापन डीआईओएस विजयपाल सिंह को सौंपकर नया आदेश तत्काल प्रभाव से रद्द करते हुए उत्तर पुस्तिकाओं का बंडल को क्षेत्रीय कार्यालय तक शिक्षकों द्वारा पहुंचाए जाने की मांग की।

## युवती समेत दो ने जहर खाया

**बांदाः** चिल्ला थाना क्षेत्र के बंबिया गांव निवासी रानी (16) पुत्री राजू ने मंगलवार रात अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया, इससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इसी तरह मटौंध थाना क्षेत्र के खैराडा गांव निवासी हरीशंकर (20) पुत्र भगवती ने मंगलवार की रात को जहरीला पदार्थ खा लिया, उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# एक की जगह दोनों हाथ का झोलाछाप ने किया ऑपरेशन

संवाददाता, कमासिन बांदा

**अमृत विचार।** कस्बों में झोलाछापों की भरमार है। ये लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर गलत तरीके से इलाज करते हैं। मरीजों की जान जोखिम में पड़ रही है। स्वास्थ्य विभाग का इस ओर ध्यान नहीं जा रहा। ऐसी ही एक घटना में झोलाछाप ने रुपयों के लालच में महिला मरीज के एक के बजाय दोनों हाथों का ऑपरेशन कर डाला। पति ने रुपये के लिए झोलाछाप पर महिला मरीज को बंधक बनाने का आरोप लगाया। थाना पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया।

कमासिन थाना क्षेत्र के जगऊटोला गांव निवासी आरती (30) पत्नी शिव विलास के बाएं हाथ में फ्रैक्चर था। इलाज कराने के लिए वह अपने पति के साथ कस्बा में बगैर रजिस्ट्रेशन व डिग्री के संचालित दांदों रोड स्थित क्लीनिक पहुंची। वहां झोलाछाप ने ऑपरेशन करने की सलाह दी। पति से 14 हजार रुपए जमा कराने के बाद चिकित्सक ऑपरेशन करने के लिए क्लीनिक के अंदर ले गया। आपरेशन के बाद महिला मरीज कमरे से बाहर आई तो उसके दोनों हाथों में पट्टी बंधी थी। आरोप है कि रुपये के लालच में झोलाछाप ने बाएं हाथ के साथ दाहिने हाथ का भी ऑपरेशन कर दिया और 22 हजार



ऑपरेशन के बाद अपने हाथ दिखाती आरती। अमृत विचार

- **मरीज को बंधक बनाने का भी लगाया गया आरोप**
- **पुलिस ने आरोपी झोलाछाप को लिया हिरासत में**

रुपये की मांग की।

पति ने जैसे-तैसे 4000 रुपए और जमा कर दिए। इस झोलाछाप विवाद करने लगा। पति का आरोप है कि भुगतान पूरा न करने पर झोलाछाप ने उसकी पत्नी को बंधक बना लिया। मायूस पति थाना पहुंचा और पूरी आपबीती पुलिस को बताई। पुलिस ने झोलाछाप को हिरासत में ले लिया। कमासिन थाना प्रभारी निरीक्षक ऋषि देव सिंह ने बताया कि महिला के एक के बजाए दोनों हाथों का ऑपरेशन करने का मामला आया है। आरोपी झोलाछाप को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।



कृषि विश्वविद्यालय में लिलियम फूलों की खेती। अमृत विचार

# बुंदेलखंड में भी की जा सकती है लिलियम फूलों की खेती

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचारः** लिलियम एक महत्वपूर्ण सजावटी फूल है। अपनी सुंदरता के कारण वैश्विक बाजार में लिलियम फूल का महत्वपूर्ण स्थान है। लिलियम की बढ़ती मांग को देखते हुए बुंदेलखंड में इसे प्रयोग के तौर पर पहली बार कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के पुष्प एवं भू-दृश्य निर्माण विभाग ने शेडनेट के अंदर लगाया जिसका परिणाम उत्साहवर्धक रहा।

कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय सहायक अध्यापक डा.अमित कनौजिया ने बताया कि लिलियम कंदीय फूल का पौधा है। जिसकी खेती आमतौर पर ठंडे प्रदेशों में की जाती है। लेकिन पाली हाउस, शेड नेट आदि उच्च तकनीक से इसे उष्ण या उपोष्ण जलवायु में भी सफलतापूर्वक लगाया जा सकता है। बताया कि एशियाटिक लिली की 10 प्रजातियों का परीक्षण किया गया। नवंबर के पहले सप्ताह में पौधे लगाए गए। प्रजातियों की वानस्पतिक वृद्धि एवं फूलों के स्पाइक की गुणवत्ता अच्छी रही।

- **कृषि विश्वविद्यालय में पुष्प की 10 प्रजातियों का किया गया परीक्षण**

एशियाटिक लिली की वृद्धि के लिये दिन में औसतन 18-21 तथा रात में 12-15 डिग्री सेल्सियस तापमान की आवश्यकता होती है। कंद को लगभग 30 गुणा 45 सेंटीमीटर की दूरी पर लगाया गया। 180 वर्गमीटर क्षेत्रफल में लगभग 360 कंद लगाये गये। कंद को दिल्ली से मंगाया गया था जिसकी कीमत 25-30 रुपए प्रति कंद रही। शेडनेट के अंदर प्रति वर्गमीटर लगभग 7-10 स्पाइक का उत्पादन लिया जा सकता है। लखनऊ, कानपुर जैसे शहरों में प्रति स्पाइक कीमत लगभग 50-60 रुपये रहती है। पुष्प एवं भू-दृश्य निर्माण विभाग के विभागाध्य डा.अजय सिंह ने बताया एशियाटिक लिली का परीक्षण किया गया। अगले वर्ष भी कुछ और प्रजातियों का परीक्षण किया जायेगा। बताया कि लिलियम का इस्तेमाल फ्लावर बुके, त्योहारों एवं शादियों और घरों में फ्लावर वेस में तथा ईस्टर के दौरान किया जाता है।

## अलविदा जुमा पर अवकाश घोषित

**बांदाः** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्रतिनिधिमंडल की मांग पर जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने रमजान के अंतिम शुक्रवार यानि अलविदा जुमा के दिन अवकाश घोषित कर दिया। महासंघ जिला अध्यक्ष पंकज सिंह समेत सुधींद्र बाबू दीक्षित, विश्वनाथ प्रताप सिंह, विनोद शिवहरे, संतोष मिश्र, मनोज सिंह, मोहम्मद मुबीन, इसरार अहमद, इरशाद अंसारी, राजा अहमद, अनुराग सिंह, योगेंद्र दीक्षित आदि ने अवकाश घोषित किए जाने पर डीएम का आभार जताया है।

# प्रेमी ने प्रेमिका की मां का गला घोंटा, मौत

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार।** रोज घर आकर बेटी से मिलने का विरोध करना महिला को महंगा पड़ गया। प्रेमी ने प्रेमिका की मां की गला दबाकर हत्या कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के साथ ही आरोपित को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

शहर की एक कालोनी में 40 वर्षीय महिला अपनी 17 वर्षीय बेटी के साथ रहती थी। बेटी का शहर के छावनी मोहल्ले में रहने वाले रईस छतरा नामक युवक

- **दोनों के संबंधों का विरोध करती थी महिला**
- **इससे पहले भी आरोपी कर चुका था हत्या की कोशिश**

से काफी समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा था।

मां को इस बात की जानकारी हुई तो उसने कई बार विरोध किया, लेकिन उसकी बेटी और रईस अपनी हरकतों से बाज नहीं आए। मंगलवार की रात को रईस फिर अपनी कथित प्रेमिका से मिलने के लिए कालोनी पहुंच गया। चारपाई पर लेटी मां ने इसका विरोध किया तो रईस आग बबूला हो गया। रईस ने प्रेमिका की मौजूदगी में उसकी मां की गला दबाकर हत्या कर दी। घटना की भनक लगते ही कालोनी में रहने वाले लोग मौके पर पहुंच गए। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने रईस को गिरफ्तार कर लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बताया गया कि आरोपित रईस छतरा इससे पहले भी उसे मारने की कोशिश कर चुका है। 28 फरवरी को शराब के नशे में उसने प्रेमिका की मां को जल रहे हीटर के ऊपर धकेल दिया था, जिससे वह झुलस गई थी। वह चारपाई पर ही पड़ी रहती थी।

# दिव्यांगों ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कवायदें प्रशासन ने तेज कर दी हैं। स्वीप कार्यक्रम के तहत स्पर्श दृष्टिबाधित बालक इंटर कालेज के छात्रों ने रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। इस दौरान प्रेरक नारे गूंजते रहे। चुनाव को देश का महात्योहार बताया।

स्पीप कार्यक्रम के तहत बुधवार को जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अभिषेक चौधरी की अगुवाई में स्पर्श दृष्टिबाधित बालक इंटर कालेज के छात्रों ने रैली निकालकर लोगों को लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान के प्रति जागरूक किया। कालेज परिसर से यात्रा शुरू हुई। महोखर गांव में भ्रमण के बाद कालेज पहुंचकर जागरूकता रैली का समापन हुअ। इस दौरान प्रेरक नारे वोट जैसा कुछ



जागरुकता रैली निकालते दिव्यांगजन। अमृत विचार

भी नही, वोट जरूर डालेंगे हम, बनो देश के भाग्य विधाता, अब जागो बांदा के मतदाता, पहले मतदान, फिर जलपान गूंजते रहे।

इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल द्वारा नामित आइकॉन पद्मश्री उमाशंकर पांडेय ने बताया कि जनपद में लगभग 20 हजार से अधिक दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाता हैं। जिनका मत मूल्यवान हैं। उन्होंने सभी को मतदान करने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर दिव्यांगों के लिए कार्यरत समाजसेवी श्याम बाबू त्रिपाठी ने कहा कि दिव्यांगजन को सबसे पहले वोट करना चाहिए।

- **पद्मश्री उमाशंकर पांडेय ने दिलाई मतदान करने की शपथ**
- **जिले में हैं 20 हजार से अधिक दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाता**

इस मौके पर महोखर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धीरेंद्र सिंह ने कहा कि दिव्यांगजनों का देश के विकास में बड़ा योगदान है। दिव्यांगजन स्वयं दिव्यांगजनों को वोटिंग के लिए प्रेरित करें। दिव्यांगजन प्रतिनिधि दीनानाथ ने कहा कि संविधान की तरफ से मिले वोट के अधिकार के माध्यम से दिव्यांग अपनी शक्ति को प्रदर्शित करें। इस मौके पर स्पर्श विद्यालय प्रभारी प्रधानाचार्य अजीत प्रताप सिंह समेत अन्य शिक्षण, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय वरिष्ठ सहायक प्राणलाल तिवारी, कनिष्ठ सहायक किशन कुमार सामाजिक संस्था सक्षम सचिव शांतिभूषण मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप



एक- दूसरे को अबीर- गुलाल लगाकर बधाई देते लोग। अमृत विचार

### रंगोत्सव में एक-दूसरे को लगाया अबीर-गुलाल

**बबेरू।** तहसील क्षेत्र के बड़गांव स्थित गजपाल सिंह महाविद्यालय में जिला पंचायत सदस्य अरुण सिंह पटेल की अगुवाई में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। सांसद आरके सिंह पटेल, ब्लाक प्रमुख रमाकांत पटेल समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। रंगोत्सव के दौरान लोगों ने व्यंजनों के साथ ठंडाई का जमकर लुत्फ लिया। इस मौके पर जिला महामंत्री विवेकानंद गुप्ता, अजय पटेल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गजेंद्र सिंह पटेल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख गया बाबा, जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत यादव, विजय विक्रम सिंह, अनूप सिंह, रतिभान सिंह सहित क्षेत्र के तमाम प्रधान व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। वहीं शहर के रहुनिया खुटला मोहल्ले में नाई रामलीला रथ भवन में नंदवंशी सविता महासभा के तत्वावधान में धूमधाम के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें सभी लोग एक दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान जिला प्रभारी शिवम सविता, नई रामलीला समिति के अध्यक्ष ज्ञानी सविता, सुनील सविता, जोगेंद्र सविता, संतोष सविता, विकास सविता, दीपक सेन आदि लोग उपस्थित रहे।

### प्रतीक व रेहान का स्पोर्ट्स कालेज में हुआ चयन

**बांदा।** बांदा क्रिकेट एसोसिएशन से संबद्ध डीआर क्रिकेट एकेडमी के दो प्रतिभावान खिलाड़ियों रेहान और प्रतीक का चयन केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर (स्पोर्ट्स हॉस्टल) में अंडर-12 के लिए हुआ है। खिलाड़ियों के चयन होने पर डीआर अकादमी संचालक समेत वरिष्ठ खिलाड़ियों ने खुशी जताई है। अंडर-12 क्रिकेट खिलाड़ी रेहान उल गौस पुत्र इश्तियाक उल निवासी गुलाब नगर और प्रतीक बाजपई पुत्र कुश बाजपेई निवासी गंगा नगर तिंदवारी रोड का चयन स्पोर्ट्स कॉलेज के लिए हुआ है। डीआर क्रिकेट अकादमी के राम मिलन गुप्ता ने बताया कि दोनों खिलाड़ियों का चयन हुआ है। बांदा क्रिकेट एसोसिएशन सचिव वासिफ जमा खां, अध्यक्ष चंद्रमौली भारद्वाज, प्रदीप गुप्ता, रेहान खान, मनोज मिश्रा, मोहित सिंह और एसोसिएशन के सभी सदस्यों व पदाधिकारियों सहित सभी सीनियर खिलाड़ियों ने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।



प्रतीक व रेहान।

**जताया आक्रोश** — जिला अस्पताल की स्टाफ नर्स ने दर्ज कराया था गंभीर धाराओं में मुकदमा, वकीलों ने किया प्रदर्शन

# वकील पर मुकदमे को लेकर अधिवक्ता संघ ने खोला मोर्चा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल में हंगामा और स्टाफ नर्स के साथ अभद्रता करने के आरोप में भाजपा नेता व अधिवक्ता के खिलाफ दर्ज मामले को लेकर अब जिला अधिवक्ता संघ ने मोर्चा संभाल लिया है। संघ के अध्यक्ष व महासचिव की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर फर्जी व मनगढ़ंत मुकदमा स्पंज कराने के साथ ही वादी स्टाफ नर्स व उसके सहयोगियों के खिलाफ धारा 182 के तहत कार्रवाई करने की मांग बुलंद की है। अधिवक्ताओं ने कहा है कि अस्पताल कर्मियों के दबाव में फर्जी मुकदमा वापस नहीं लिया जाता तो अधिवक्ता संघ आंदोलन की राह पर आगे बढ़ने को



एसपी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

मजबूर होगा।

बुधवार को जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अशोक दीक्षित और महासचिव राम प्रकाश शिवहरे राजा की अगुवाई अधिवक्ताओं के समूह ने जोरदार प्रदर्शन किया और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अधिवक्ताओं ने बताया कि अधिवक्ता पुष्कर द्विवेदी के खिलाफ जिला अस्पताल की एक स्टाफ नर्स व उसके सहयोगियों ने मिलकर फर्जी और मनगढ़ंत तरीके से धारा 354, 394, 353, 504, 506 के तहत मुकदमा

- **संघ ने मामले को फर्जी बताते हुए बंद करने की उठाई मांग**
- **एसपी से मिलकर सौंपा ज्ञापन आंदोलन की दी चेतावनी**

दर्ज कराया है और धमकी देकर पुलिस प्रशासन पर बेजा दबाव बना रहे हैं।

बताया है कि अधिवक्ता द्विवेदी एक मरीज का हालचाल लेने के लिए अस्पताल गए थे, जहां उनके साथ स्टाफ नर्स व उसके सहयोगियों ने अभद्रता की और हड़ताल की धमकी देकर फर्जी तरीके से गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया है। अधिवक्ता पर दर्ज मुकदमा पूरी तरह से फर्जी व उन्हें फंसाने का एक कुचक्र मात्र है। अधिवक्ता संघ ने एसपी से मुलाकात कर मुकदमे को स्पंज करते हुए स्टाफ नर्स व उसके सहयोगियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। बताया कि अस्पताल एक जीवन रक्षक स्थल है और यहां नेता, अधिवक्ता व पत्रकारों समेत सभी वर्गों के लोगों की आमदरफ्त अक्सर बनी रहती है। ऐसे में अस्पताल कर्मियों की कारगुजारियों पर पर्दा डालने के लिए फर्जी मुकदमे दर्ज कराए जाने से लोग असहज व भयभीत होंगे। अधिवक्ता संघ ने अस्पताल कर्मियों के दबाव व प्रभाव में दर्ज की गई एफआईआर को तत्काल स्पंज न किए जाने पर न्याय की लड़ाई के लिए अग्रिम कदम उठाने का अल्टीमेटम भी दिया। इस मौके पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष व महासचिव समेत पूर्व महासचिव राकेश सिंह, पंकज चौबे, महेंद्र सिंह कछवाह, राकेश कुमार, संजय श्रीवास्तव समेत तमाम अधिवक्ता शामिल रहे।

# रुक्मिणी-कृष्ण विवाह प्रसंग सुन झूमे श्रोता

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः** श्रीमद्भागवत कथा में बुधवार को श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग और उनकी झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। रुक्मणि विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण के 16108 विवाहों का वर्णन किया। कहा कि आत्मा रुपी स्त्री परमात्मा रुपी पुरुष से मिलकर संसार के लिए कल्याणकारी बनते हैं।

शहर के अतर्रा रोड चुंगी चौकी स्थित मैरिज हाल में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में बुधवार को कथा व्यास ने आंनद भूषण महराज ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण-रुक्मणि के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं। उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। उन्होंने बताया कि रुक्मणि



भागवत कथा के दौरान सजी झांकी। अमृत विचार

विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थी। रुक्मणि ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया।

रुक्मणि का बड़ा भाई रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहन का विवाह चेदिनरेश राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से कराना चाहता था।

भगवान श्रीकृष्ण द्वारिकापुरी आ ही रहे थे कि उनका मार्ग रुक्मणी ने रोक लिया और कृष्ण को युद्ध के लिए ललकारा। तब युद्ध में श्रीकृष्ण ने रुक्मणि को पराजित कर द्वारिकापुरी में प्रवेश किया। तत्पश्चात श्रीकृष्ण ने द्वारिका में अपने संबंधियों के समक्ष रुक्मणि से विवाह किया। कथा के अंत में प्रसाद वितरित किया गया।




सुन्नी

इफ्तार (गुरुवार) 06:35 बजे | सहरी (शुक्रवार) 04:30 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### दुकान से गैस सिलेंडर व नकदी चोरी

**महोबा।** शहर के आल्हा चौक स्थित एक चाय की दुकान का ताला तोड़कर एलपीसी गैस सिलेंडर व गोलक में रखे पैसे चोरी हो गए। पीड़ित द्वारा सुबह दुकान खोलने के लिए आया तो शटर का ताला टूटा और सामान गायब देख कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित भागवत प्रसाद चौरसिया ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि सुबह से शाम तक वह चाय बेचने के बाद रात में दुकान बंद कर घर चला गया, तभी रात में अज्ञात चोरो द्वारा दुकान की शटर का ताला तोड़कर दुकान में रखा गैस चूल्हा, सिलैंडर व गोलख में पड़े करीब पांच सौ रुपये चोरी कर भाग गए। पीड़ित ने पुलिस से चोरी गया सामान व चोरों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# कोटेदार चालू माह में नहीं वितरित करेंगे खाद्यान्न

## तीन माह से कमीशन न मिलने पर प्रदर्शन कर दी चेतावनी

संवाददाता, जैतपुर-महोबा

**अमृत विचार।** विकासखंड जैतपुर क्षेत्र के कोटेदारों का तीन माह से वितरण का लाभांश न दिए जाने से नाराज कोटेदारों ने धरना प्रदर्शन कर अप्रैल माह में राशन वितरण न किए जाने की चेतावनी दी है, जिससे उपभोक्ताओं को माह अप्रैल में खाद्यान्न मिलना मुश्किल दिखाई दे रहा है। कोटेदारों ने आरोप लगाया कि कई बार अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी आज तक कोटेदारों का लाभांश नहीं दिया गया, इससे कोटेदारों का परिवार आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहा है। अधिकारियों द्वारा कोटेदारों की सुनाई न किए जाने से नराज कोटेदारों ने राशन वितरण बंद करने की धमकी भी दी है।



विकासखंड पनवाड़ी और जैतपुर के आधा सैकड़ा से ज्यादा कोटेदारों का राशन वितरण करने वाला लाभांश तीन माह से नहीं मिला है। कोटेदारों द्वारा कई बार लिखा पढ़ी करने के बाद कोई ध्यान न दिए जाने से कोटेदारों में आक्रोश पनप रहा है। कोटेदारों ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के अंदर तीन माह का बकाया पड़ा लाभांश का वितरण नहीं किया गया तो कोटेदार माह अप्रैल में खाद्यान्न सामग्री का वितरण नहीं करेंगे। कोटेदारों की इस चेतावनी से अब अधिकारियों ने जल्द से जल्द लाभांश दिलाए जाने का भरोसा दिया है। जैतपुर के कोटेदार प्रताप कुशवाहा, गोवर्धन की नर्गिस, महुआबांध की सर्वेश कुमारी, बुधौरा के सीताराम, बडेराखुर्द के टुटियां, पुरवा जैतपुर के अमरचंद्र, ननवारा के खेमचंद्र व पनवाड़ी ब्लाक की उर्मिला तिवारी, महोबकंठ की अनीता, सलैया खालसा की सुनीता, अंडवारा की रजनी आदि कोटेदारों ने बताया कि उनको तीन माह से वितरण का लाभांश नहीं मिला है। कई बार पूर्ति विभाग के ग्रुप पर समस्या को बताया गया, लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं किया गया। कोटेदारों का कहना है कि अगर एक सप्ताह के अंदर लाभांश खातों में नहीं भेजा गया तो दोनो विकासखंड के कोटेदार धरना प्रदर्शन करने के साथ माह अप्रैल का वितरण नहीं किया जाएगा।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार हुआ घायल

**महोबा।** ग्राम सिरसीकला गांव से कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वापस बाइक से घर आते समय रास्तें में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर उसकी हालत में सुधार न होने पर उसे मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया गया।

शहर के मोहल्ला भीतरकोट निवासी अखिलेश पुत्र धरमप्रसाद थाना खन्ना के ग्राम सिरसी गांव अपने रिश्तेदारों के यहां बाइक द्वारा एक समारोह में शामिल होने गया था। समारोह से वापस आते समय कानपुर सागर हाईवे पर स्थित ग्राम बरबई के समीप सामने से आ रहे वाहन ने बाइक पर जोरदार टक्कर मार दी, जिससे युवक सड़क पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। दुर्घटना के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घायल युवक को सड़क पर पड़ा देख ग्रामीणों ने उसे एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# सीआरपीएफ व पुलिस का रूट मार्च

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों ने जिले में अलग अलग स्थानों पर फ्लैग मार्च कर मतदाताओं को निष्पक्ष तरीके से भयमुक्त होकर मतदान करने का संदेश दिया। गली, कूचों और मार्गों पर पुलिस के सायरन के साथ पैदल गश्त करते पुलिस फोर्स को देखकर अराजकतत्व सहम से गए। सशस्त्र पुलिस बल ने जगह जगह भ्रमण कर शांति का संदेश दिया।

शहर के मोहल्ला हवेली दरवाजा प्रांगण से फ्लैग मार्च निकाला गया, जो बड़ीहाट, मकनियापुरा, भटीपुरा, नैकानापुरा होता हुआ विभिन्न मोहल्ला का भ्रमण कर समाप्त हुआ। फ्लैगमार्च दौरान सीआरपीएफ और पुलिस के जवान पैदल चल रहे थे। अधिकारी भी आगे आगे पैदल जा रहे थे। तमाम लोग भारी पुलिस फोर्स देखकर दरवाजों पर खड़े हो गए और भारी पुलिस फोर्स के निकलने के बावत एक दूसरे से जानकारी करने लगे।




रूट मार्च करते जवान। अमृत विचार

चुनाव को लेकर पुलिस द्वारा भ्रमण किए जाने की जानकारी मिलने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देश पर लोकसभा चुनाव 2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए की जा रही कार्रवाई के साथ-साथ जनपद में पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक चुनाव सम्पन्न कराने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचार संहिता का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराये जाने तथा अवांछनीय गतिविधियों की रोकथाम तथा क्षेत्र में सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए बुधवार को थाना पनवाड़ी पुलिस एवं केन्द्रीय पुलिस बल द्वारा थाना क्षेत्रअन्तर्गत विभिन्न संवेदशील मोहल्लो, ग्रामों, वल्नरेबिल, क्रिटिकल ग्रामों, मतदेय स्थलों में संयुक्त रुप से फ्लैगमार्च कर चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान थानाक्षेत्र की जनता से संवाद स्थापित कर निर्वाचन आयोग के निर्देशों से अवगत कराया गया तथा क्षेत्र में भयमुक्त माहौल बनाते हुए लोकतंत्र के महापर्व में जनता से निर्भीक होकर निष्पक्ष मतदान करने की अपील की गई।

# पार्किंग न होने से भटकते रहते हैं वाहन चालक



दुकानों के बाहर रोड पर खड़े वाहन। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** शहर में एक भी पार्किंग स्थान न होने से बाहर से आने वाले लोगों और शहरियों के साथ दुकानदारों को अपने वाहनों को खड़ा करने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। बाजार आने जाने वाले लोगों को चार पहिया वाहन रखना तो दूर बाइक रखने की जगह नहीं मिलती है। दुकानदार पहले से ही अपनी दुकानों के आगे सड़क के दोनो तरफ बाइक और चार पहिया वाहन खड़ा कर देते हैं, जिससे मार्ग सकरा हो जाने से लोगों को आवागमन में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

शहर के मुख्य मार्ग ऊदल चौक से लेकर तहसील चौराहा तक डीएबी से लेकर सुभाष चौकी तक कहीं पर भी शहर में पार्किंग की पालिका प्रशासन द्वारा व्यवस्था नहीं की गई है। जिला मुख्यालय में आसपास के ग्रामीण अंचलों के लोग आएदिन दो पहिया और चार पहिया वाहन लेकर महोबा शहर आते हैं, वहीं किसान ट्रैक्टर लेकर मंडी में सामान बेचकर बाजार खरीददारी के लिए जाता है, लेकिन न तो ट्रैक्टर न ही बाइक और न ही चार पहिया वाहन को कहीं पर भी खड़ा करने के लिए जगह नहीं मिलती है।

इसके चलते वाहन चालक सामान खरीदना तो दूर ट्रैक्टर और चार पहिया वाहन को खड़ा करने के लिए इधर से उधर भटकते रहते हैं।

- बाजार से एक किलोमीटर दूर चालकों को खड़ा करना पड़ता है वाहन

### दुकानों के सामने वाहन खड़ा करने पर होता विवाद

- दबंग किस्म के वाहन चालक छोटे मोटे दुकानदारों की दुकानों के सामने जबरन चार पहिया वाहन खड़ा करके चंद मिलट में आने की बात कहकर चले जाते हैं, लेकिन घंटों खरीददारी करके लौटते हैं, जिससे दुकान के सामने वाहन खड़ा होने से दुकानदार की दुकानदारी प्रभावित होती है। वाहन दुकानों के सामने खड़ा करने से आएदिन दुकानदार और वाहन चालक के बीच तूतू मैंमै होती रहती है।

दोपहिया और चार पहिया वाहन चालक अपने अपने वाहनों को बाजार से एक किलोमीटर दूर खड़ा करके बाजार में सामान खरीदने पैदल या टेंपों से आते हैं।

बाजार में खरीदारी करने के बाद पुनः टेंपो करके अपने वाहन तक पहुंचते हैं, जिससे उनका समय और धन दोनो बर्बाद होता है। जबकि ग्रामीण अंचलों से आने वाले लोगों के पास स्वयं वाहन रहता है, लेकिन पार्किंग की इंतजाम न होने के कारण उन्हें भी अन्य लोगों की तरह दिक्कत उठानी पड़ती है।

## दिमागी बुखार के चलते वृद्ध की मौत

**महोबा।** शहर के मोहल्ला मकनिया पूरा निवासी एक वृद्ध की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दिमागी बुखार के चलते मौत हो गई। मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

मोहल्ला मकानिया पुर निवासी हाजी मोहम्मद निसार 94 पिछले दो दिनों से बुखार से पीड़ित थे। मंगलवार को तेज बुखार होने पर परिजनों ने उन्हें जिला अस्पताल महोबा में भर्ती कराया। यहां पर डॉक्टरों ने चेकअप करने के बाद उन्हें भर्ती कर लिया। बुखार दिमाग में चढ़ जाने के कारण चिकित्सक काफी प्रयास करते रहे, लेकिन उन्हें कामयाबी नहीं मिली। बुधवार को उनकी जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। घर के मुखिया की मौत से परिजनों का बुरा हाल है।

# रास्ता भूलीं दो बहनें अपनों से मिलीं

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्ष अपर्णा गुप्ता के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे पहल आपरेशन मुस्कान का अब खासा असर दिखने लगा है। बुधवार को चरखारी पुलिस टीम ने रास्ता भटक गई दो बच्चियों को उनके परिजनों से मिलाया। बच्चियों को पाकर परिजन भी खासा खुश नजर आए और पुलिस के आपरेशन मुस्कान की खासी सराहना की।

पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के जनपद टीकमगढ निवासी दो बहने सखी (10) व हरकुंवर (15) पुत्री हरीराम कोतवाली चरखारी के ग्राम बेंगांव निवासी जयहिन्द के यहां जा रही थी। टेंपो चालक ने अंजान स्थान पर उतार दिया, जिससे दोनो बहने रास्ता भटक गई और इधर उधर घूमने लगी, तभी ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची चरख् पुलिस टीम ने रास्ता भटक गई दोनो बहनों को अपनी अभिरक्षा में लिया व थाना कार्यालय चरखारी लाया गया।



पुलिस अभिरक्षा में खड़ी दोनों बहनें। अमृत विचार

- टीकमगढ़ से कोतवाली चरखारी के ग्राम बेंगांव जा रहीं थीं जीजा के घर

बच्चियों से महिला हेल्पडेस्क में नियुक्त रिचा उपाध्याय द्वारा वार्ता की गयी तो बालिकाओ द्वारा बताये गये उनके सम्बन्धित थाने में सम्पर्क कर दोनो बच्चियों के परिवारीजनों को सूचित किया गया। इस प्रकार बच्चियों के पिता हरीराम पुत्र बलुआ सौर व परिवारीजन थाना चरखारी आये। थाना चरखारी की पुलिस ने बच्चियों को उनके परिवारीजनों के साथ भेज दिया।

# गर्मी शुरू होते ही बिजली और पानी का संकट बढ़ा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** गर्मी शुरू होने के साथ ही बिजली पानी का संकट बढ़ गया है। मंगलवार की रात को कई बार बिजली जाने से लोगों का गर्मी से बुरा हाल है। छोटे छोटे बच्चे गर्मी से बेचैन दिखाई दिए, वहीं मच्छरों की भरमार के चलते लोगों की रातों की नींद हराम हो गई है। दूसरी तरफ बिजली न आने से बुधवार को पेयजल आपूर्ति प्रभावित रही, जिससे लोगों को पानी के लिए हैंडपंपों और कुओं का सहारा लेना पड़ा। पानी की आपूर्ति न होने के बाद भी समय से बिल उपभोक्ताओं को भेज दिया जाते है।

पिछले कुछ दिनों से शुरू हुई गर्मी के साथ ही पेयजल संकट भी बढ़ गया है। हालत यह है कि बीस से तीस मिनट मुश्किल से पानी की आपूर्ति हो रही है। टुल्लूपंप न चलाने वाले गरीब वर्ग के लोगों के घरों तक पानी ही नहीं पहुंच रहा है, वहीं तमाम लोगों द्वारा टुल्लूपंप लगा लेने से पीछे के घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। हालत यह है कि जल निगम द्वारा मात्र बीस से तीस मिनट पानी की आपूर्ति की जा रही है, जिसका खामियाजा नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। हालत यह है कि शहर में जल संस्थान प्राइवेट सेक्टर में पहुंच जाने के कारण अब यहां के बाशिंदों को साल में सात सौ के स्थान 1500 रुपये नल का बिल देना पड़ रहा है। इससे लोगों में खासा गुस्सा है। पानी न मिलने के बाद भी बिल बराबर भेजे जा रहे हैं।

# श्रीराम जन्मोत्सव पर निकलेगी शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** श्रीनगर के चरनदासी मंदिर में रामनवमी पर्व को बेहतर ढंग से मनाया जाने को लेकर रामनवमी समिति के तत्वावधान में रामभक्तों द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में हर वर्ष की तरह इस साल भी रामनवमी पर्व को भव्य तरीके से मनाए जाने पर लोगों ने अपने विचार रखे साथ ही शोभायात्रा निकाले जाने के साथ साथ अन्य बिन्दुओं को लेकर चर्चा की गई।

17 अप्रैल को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर कस्बे में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रामनवमी शोभायात्रा का आयोजन किया जाना है, जिसको लेकर कस्बे के चरनदासी मंदिर में बुधवार को रामनवमी समिति के अध्यक्ष आशीष मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अनिल शुक्ला ने रामनवमी शोभायात्रा की तैयारियां को लेकर उपस्थित लोगों के साथ विचार विमर्श किया। बैठक में सर्वसम्मित के साथ पर्व के कार्यों की अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी गई, जिस पर सभी से समय से पूर्व कार्य को पूरा करने का भरोसा दिया। अध्यक्ष ने कहा कि हर वर्ष की भांति जगह जगह रामभक्तो के जलपान की उचित व्यस्था की जाएगी और कस्बे में स्वागत गेट और झंडों के साथ साथ विद्युत की आकर्षक सजावट कर नगर को चमकाया जाएगा।

- रामनवमी पर्व को लेकर समिति ने बैठक कर बनाई रूपरेखा

# प्रशासन ने रोका नजूल की भूमि पर हो रहा निर्माण

खबर का असर

संवाददाता, जैतपुर-महोबा

**अमृत विचार।** कस्बे के श्रीनगर चौराहा के समीप रोड किनारे नजूल की बेस कीमती भूमि पर भू माफियाओं द्वारा अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य कराने पर अमृत विचार अखबार ने 31 मार्च को प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। खबर का संज्ञान लेते हुए उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ ने नजूल की भूमि पर कराए जा रहे अवैध निर्माण पर रोक लगा दी, जिससे भूमाफियाओं में खलबली मच गई है। अब भूमाफिया निर्माण कार्य कराने के लिए नेताओं व अन्य पहुंच वाले लोगों से अधिकारियों पर दबाव डलवा रहे हैं।


नजूल की भूमि पर भू माफिया ने कब्जा कर शुरू कराया निर्माण

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

- भूमाफिया निर्माण जारी रखने के लिए अफसरों पर दबाव बनाने में लगे

कस्बा जैतपुर के श्रीनगर तिराहा के समीप नजूल भूमि चारागाह पर भू माफिया रोड किनारे की बेश कीमती भूमि पर अवैध कब्जा करके अवैध निर्माण करा रहे थे। इसकी शिकायती पूर्व ब्लाक प्रमुख कैलाश सोनी के नेतृत्व में तमाम कस्बा वासियों ने कुलपहाड़ पहुंचकर उपजिलाधिकारी से शिकायत की थी, लेकिन अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं जा रही थी, जिसकी जानकारी मिलते ही अमृत विचार संवाददाता ने मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाने के बाद खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।



रोक के बाद बंद पड़ा निर्माण कार्य। अमृत विचार

खबर का प्रकाश होने के बाद राजस्व विभाग के अधिकारियों ने राजस्व विभाग की टीम को मौके पर भेजकर चारागाह की जमीन पर चल रहा अवैध निर्माण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी साथ ही कागजात दिखाने के लिए उन्हें बुलाया गया, लेकिन कोई भी अधिकारियों के यहां कागज दिखाने नहीं पहुंचा। राजस्व विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कोई जमीन के कागजात न दिखा पाने के कारण निर्माण कार्य अवैध मानते हुए उस पर रोक लगा दी गई है। निर्माण कार्य दौरान खुदाई करते समय नमामि गंगे योजना के तहत बिछाई गई पाइपों को भी तोड़ दिया गया था।

**बाजार का हाल** — शाम होते ही बाजार में खरीदारों की जुटती है भारी भीड़

# रमजान माह में सेवई, सूतफेनी की बिक्री अधिक

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** मुकद्दस माह रमजान और ईद पर्व को लेकर बाजार में सूतफेनी और सेवइयों की दुकानें सजा गई हैं। नई नई वैरायटी की दुकानदारों ने सिवइयां मंगाई है। बनारसी सिवइयों की सबसे ज्यादा मांग है। रोजेदार सहरी के लिए सूतफैनी और सिवई की खूब खरीददारी कर रहे हैं, वहीं कुछ लोग सहरी में ब्रेड का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे आज कल दुकानदारों की खासी बल्ले बल्ले है। बाजार के अलावा हवेली दरवाजा, आल्हा चौक और बजरिया में भी सेवई व सूतफेनी की दुकानें सजी हुई हैं।

रमजान माह में रोजेदारों को तड़के सुबह चार बजे सहरी करना पड़ती है, जिससे रोजेदार खानपान हल्का-फुलका करने के चक्कर मे रोटी व अन्य सामग्री का प्रयोग करने के बजाय ब्रेड, सूतफेनी और सेवई का अधिक इस्तेमाल करते हैं। जिससे जगह जगह सेवई व सूतफेनी की बिक्री हो रही है। सेवई व सूतफेनी की अच्छी खपत होने के कारण आए दिन दुकानदार बाहर से आर्डर कर रहे हैं। अब ईद त्योहार करीब होने के कारण तमाम किराना दुकानदारों ने भी सेवई व सूतफेनी बेचना शुरु कर दी है।



बाजार में बिकती सेवई और सूतफेनी। अमृत विचार

रोजों में ब्रेड, सेवई व सूतफेनी की बिक्री अन्य महीनों के अलावा चार गुना बढ़ गई है, जिसके चलते दुकानदारों को अच्छी बिक्री होने से खासा मुनाफा हो रहा है। इतना ही नहीं दुकानदारों द्वारा किराना सामान के साथ साथ इस मुकद्दस माह में सेवई, ब्रेड की भी बिक्री की जाती है। दुकानदार दुकानों के बाहर ब्रेड और सेवइयां के पैकेट सजाकर रख देते हैं, जिससे ग्राहकों को दूर से ही सिवइयां दिखाई देती हैं।

शाम होते ही बाजार में सहरी के लिए लोग अलग-अलग तरह की खाद्य सामग्री खरीदते हैं। बुजुर्ग रोजेदारों की सूतफेनी और ब्रेड पहली पसंद है। इसके अलावा फल आदि खरीदे जाते है।

### बढ़ गई नीबू और रुहआफजा की मांग

- पवित्र माह रमजान के मौके पर इफ्तार के लिए चिप्स, पापड़, फल, दही, मट्ठा, पिंडखजूर की भी खूब खरीरदारी होती है, जिसके चलते दुकानदार थोक में इस सामान को मंगाकर रख लेते है। हर मुस्लिम घर में आज कल पापड़, चिप्स, पिंडखजूर का इस्तेमाल किया जा रहा है। इफ्तार के वक्त लोग शर्बत का भी खूब प्रयोग करते है, जिसके चलते रुहआफजा, सिकंजी, शर्बत-ए-आजम और नीबू की सबसे ज्यादा बिक्री हो रही है, जिसके चलते नीबू 200 रुपये किग्रा0 बिक रहा है। नीबू का रोजेदारों द्वारा सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जा रहा है। रोजा इफ्तार करने के बाद मट्ठा फुलकी और दहीबड़ा का भी सेवन किया जाता है।

## भाई से लेनदेन के विवाद में लगाई फांसी, हालत गंभीर

**महोबा।** थाना खरेला के ग्राम टिकरी में पैसों के लेनदेन के चलते भाइयों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि एक भाई ने गुस्से में आकर फांसी का फंदा गले में डालकर आत्महत्या करने की कोशिश की। परिजनों द्वारा आनन फानन में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है।

ग्राम टिकरी निवासी पप्पू के भाइयों ने भूमि पर लगे पेड़ों को काटकर बेच दिए। पप्पू ने जब भाइयों से पेड़ बेचे जाने पर अपना हिस्सा मांगा तो उन्होंने मना कर दिया, जिस पर भाइयों में विवाद उत्पन्न हो गया और पप्पू ने कमरे में जाकर रस्सी का फंदा बनाकर गले में डालकर फांसी पर लटक गया। परिजनों ने जह यह सब देखा तो उसे नीचे उतारा।

आननफानन उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान उसकी हालत स्थिर बनी हुई है।

# ईवीएम व वीवीपैट का दिया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर मास्टर ट्रेनर्स को ईवीएम और वीवीपैट का प्रशिक्षण देने का कार्य शुरु हो गया है। वहीं लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव ड्यूटी फीडिंग का कार्य भी युद्ध स्तर पर चल रहा है, जिसके चलते दिन रात निर्वाचन कार्यालय व एनआईसी में कार्य तेज गति से चल रहा है। निर्वाचन कार्य को सकुशल तरीके से संपन्न कराने के लिए अन्य विभागों के कर्मचारियों को भी निर्वाचन कार्यालय में संबद्ध किया गया है।

कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को लोकसभा 2024 को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए समस्त मास्टर ट्रेनर्स को ईवीएम एवं वीवीपैट का प्रशिक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान समस्त मास्टर ट्रेनर्स को निर्वाचन एवं प्रशिक्षण के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश प्रदान किए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पोलिंग के दिन किसी भी मतदान केन्द्र पर कोई समस्या ना आए और पोलिंग बूथों की वेब कास्टिंग कराई जाए पोलिंग की पूरी प्रक्रिया को अच्छे तरीके से समझ ले और अपने-अपने सेक्टर की जिम्मेदारी को निभाएं, इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा संवेदनशील बूथों का भ्रमण कर ले।



ईवीएम और वीवीपैट के प्रशिक्षण में शामिल मास्टर ट्रेनर्स व अधिकारी। अमृत विचार

- चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने पर दिया गया जोर

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी कार्मिक प्रशिक्षण के समय ईवीएम के बारे में अच्छे ढंग से सीख लें और अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को निभाते हुए निर्वाचन को निष्पक्ष तरीके से संपन्न काराये साथ ही जो भी बुकलेट दी जाये इसका अध्ययन अच्छे ढंग से कर ले, जिससे निर्वाचन के दिन किसी भी प्रकार की समस्या ना हो प्रशिक्षण के समय सभी जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया गया कि शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन को संपन्न काराये। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, डिप्टी कलेक्टर मृत्युंजय मिश्रा आदि रहे।

# स्कूल जा रही बहन के पीछे चल रही बच्ची को ट्रक ने रौंदा

## लोगों ने ट्रक चालक को पकड़कर पीटा, फिर पुलिस को सौंपा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** सुमेरपुर कस्बे के पेट्रोल पंप के पास स्कूल जा रही बड़ी बहन का पीछा कर हाईवे पार कर रही तीन वर्षीय मासूम को ट्रक ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। लोगों ने ट्रक ड्राइवर को पकड़कर मारने पीटने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को हिरासत में लिया है। सदर विधायक मौके पर पहुंच कर परिजनों को ढांढस बंधाया।



आर्या।

सुमेरपुर कस्बे के पेट्रोल पंप के पास रहने वाले अशोक वर्मा मौदहा ब्लाक के लेवा गांव के परिषदीय विद्यालय में शिक्षक हैं। उसकी बड़ी बेटी श्रेया को सुबह 7:45 बजे स्कूल जाने के लिए हाईवे पार दूसरी तरफ खड़ी विद्यालय की वैन तक उसके बाबा सिद्धगोपाल वर्मा छोड़ने जा रहे थे। तभी उसकी तीन वर्षीय छोटी बहन आर्या पीछा कर दौड़कर सड़क पार करने लगी। तभी रिमझिम इस्पात जा रहे ट्रक ने उसे कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।

लोगों ने ट्रक चालक विनय निवासी कानपुर को पकड़कर मारपीट शुरू कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक चालक को भीड़ से बचाकर हिरासत में लिया। वही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी मिलने पर सदर विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति मौके पर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाकर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। घटना के बाद पुलिस ने हाईवे में लगे कुछ समय के लिए लगे जाम को बहाल कर वाहनों का आवागमन शुरू कराया। अचानक हुई इस घटना से मां ऊषा वर्मा, बहन श्रेया, बाबा सिद्धगोपाल, पिता अशोक का रो रोकर बुरा हाल है। बाबा सिद्ध गोपाल ने ट्रक संख्या यूपी 78 डीएन 5723 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ युवक को गंभीर हालत में एंबुलेंस 108 से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। विकासखंड के इचौली गांव के निकट रेलवे ट्रैक के पास देवेंद्र (55) पुत्र रामचरन बांदा निवासी लावारिस अवस्था में पड़ा होने की सूचना रेलवे कर्मचारियों ने एंबुलेंस सेवा 108 को जानकारी दी। बताया कि लावारिस अवस्था में एक अधेड़ घायल पड़ा हुआ है। आनन-फानन में पहुंची एंबुलेंस ने तत्काल कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घायल अपने निकट संबंधी लोगों की जानकारी देने में असमर्थ दिखाई दे रहा था। इस संबंध में स्वास्थ्य कर्मियों ने संबंधित कोतवाली को प्राथमिक सूचना भेजकर जानकारी दी है।




नदेहरा के उच्च प्राथमिक विद्यालय में पड़ा ताला। अमृत विचार

# उच्च प्राथमिक विद्यालय में समय से नहीं आते शिक्षक

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

- फोटो वायरल करने वाला शिक्षक मनोरोगी : प्रधानाध्यापक

**अमृत विचार।** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के निर्देशानुसार एक अप्रैल से परिषदीय विद्यालय सुबह 7:30 बजे से संचालित होता है लेकिन नदेहरा का विद्यालय 8:00 बजे के बाद खुलता है। यह दावा किसी दूसरे का नहीं बल्कि विद्यालय की सहायक शिक्षक है। जिसने बंद विद्यालय के फोटो वीडियो सोशल मीडिया में वायरल करके स्कूल समय पर नहीं खुलने का दावा किया। जबकि प्रधानाध्यापक ने सहायक शिक्षक को मानसिक बीमार बताया है।

बुधवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय नदेहरा के बंद होने का फोटो वीडियो सहायक शिक्षक प्रवीण कुमार खरे ने सोशल मीडिया में वायरल करके दावा किया कि विद्यालय शासनादेश के अनुसार नहीं बल्कि प्रधानाध्यापक की मर्जी से खुलता है और बंद होता है। जबकि प्रधानाध्यापक अवधेश कुमार दीक्षित का दावा है कि विद्यालय समय पर खुला था। महज कार्यालय बंद था क्योंकि उसमें निर्माण कार्य चल रहा है। सहायक शिक्षक मानसिक रूप से बीमार है।

## घटिया निर्माण से टूटी निर्माणाधीन ओवरहेड टैंक की सीढ़ी

**सुमेरपुर।** विकासखंड की ग्राम पंचायत मिहुना में निर्माणाधीन ओवरहेड टैंक निर्माण में नमामि गंगे परियोजना के तहत लापरवाही बरतने या अन्य कारणों से ओवरहेड टैंक की सीढ़ी टूट कर लटक गई है। अब इसको तोड़कर नए सिरे से बनाने की कवायद शुरू की गई है। निर्माण कंपनी के अनुसार नक्शे के विपरीत बनने पर इसे तोड़ा गया है। टूटकर लटकने व मानक के विपरीत निर्माण करने का आरोप निराधार है।

मिहुना गांव निवासी गुलाब सिंह, कपिल यादव, मुलायम सिंह, जितेंद्र वर्मा, कमल सिंह, सुशील कुमार आदि ने बताया कि नमामि गंगे परियोजना के तहत गांव में ओवरहेड टैंक (टंकी) निर्माणाधीन है। ग्रामीणों के अनुसार कार्य अंतिम चरण में है। इसी दौरान ओवरहेड टैंक में चढ़ने के लिए बनाई गई सीढ़ियां मध्य से टूटकर लटक गई है। इससे लगता है कि ओवरहेड टैंक बनाने में भ्रष्टाचार कर घटिया निर्माण कराया गया है। नमामि गंगे परियोजना का कार्य सुमेरपुर क्षेत्र में जिंदल वाटर इंफ्रा लि. कर रही है। जिसके अनुसार सीढ़ी टूटी नहीं है बल्कि तोड़ी गई है, क्योंकि यह नक्शे के अनुरूप नहीं बनी थी।



गेहूं बेचने आए किसान का माला पहनाकर स्वागत करते केंद्र प्रभारी। अमृत विचार

# गेहूं खरीद केंद्र में खरीदा गया 152 क्विंटल गेहूं

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

- केंद्र प्रभारी ने किसान का स्वागत किया

**अमृत विचार।** स्थानीय मंडी समिति में संचालित विपणन शाखा में गेहूं बेचने आए किसान को केंद्र प्रभारी ने फूल मालाओं से स्वागत कर 152 क्विंटल गेहूं की तौलकर पहले बोहनी की शुरुआत की।

स्थानीय मंडी समिति में विपणन शाखा ने दो केंद्र खोले हैं वही कुरारा केंद्र में कस्बा की किसान श्रद्धा देवी पत्नी संदीप ने गेहूं खरीद केंद्र में अपना गेहूं की तौल कराने गेहूं खरीद केंद्र में लेकर आए केंद्र प्रभारी सुनील कुमार ने पहले किसान का फूल माला से स्वागत कर उनका 152 क्विंटल गेहूं की तौल कराई गई ग्रामीण क्षेत्र के साधन सहकारी समितियां में खोले गए गेहूं खरीद केंद्रों में किसानों के न आने से सन्नाटा फैला हुआ है। पीसीएफ के खरीद केंद्र में केंद्र प्रभारी किसानों के आने का इंतजार करते रहे।

वहीं कुरारा गेहूं खरीद केंद्र के प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि केंद्र में किसानों का आने का सिलसिला शुरू हुआ है।

# नशे में युवक ने अपने ही घर को किया आग के हवाले

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया

**अमृत विचार।** शराब के नशे में युवक ने अपने ही घर में आग लगा ली। जिसे देख घर व पड़ोसियों ने हड़कंप मच गया। आग बढ़ने की संभावनाओं को देखते हुए पड़ोसियों में आनन फानन में आग बुझाने का प्रयास करते हुए आग पर काबू पाया।

कोतवाली क्षेत्र के तिन्दुही ग्राम पंचायत के डेरा किशन चंद निवासी राजेंद्र पुत्र गोरेलाल शराब के नशे का आदि है। बुधवार को नशे की हालत में उसने अपने ही घर को आग के हवाले कर दिया। यह मंजर देख परिजनों में चीख पुकार मच गई और शोर सराबा देख पड़ोसी भी एकत्रित हो गए। देखते ही देखते आग ने अपना विकराल रूप धारण करना शुरू कर दिया। जिस पर परिजनों ने पड़ोसियों के साथ मिलकर आग बुझाने में जुट गए। तभी किसी ने अग्निशमन को भी सूचना देकर बुलाने का प्रयास किया। लेकिन फायर ब्रिगेड पहुंचने के पहले ही ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। जिससे एक बड़ी अनहोनी घटना टल गई।

# एडी ने जानी सीएचसी की हकीकत

संवाददाता, कुरारा(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** अपर निदेशक चित्रकूट धाम मंडल डॉ. रेखा रानी ने स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण कर अस्पताल की व्यवस्था की हकीकत जानी।

बुधवार को अपर निदेशक डॉ.रेखा रानी ने सीएचसी के औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने लेबर रूम, इमरजेंसी, ओपीडी, फार्मेसी, कॉल चैन, उपस्थिति रजिस्टर आदि देखा। साथ ही इमरजेंसी वार्ड में भर्ती 5 मरीजों से उनका हालचाल जाना और अस्पताल व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्हें सब कुछ बेहतर मिला। उन्होंने और बेहतर व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने बदनपुर गांव में हो रही वैक्सीनेशन का मौके पर जाकर निरीक्षण किया और सीएचओ से अन्य कार्यों के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सीएचसी अध्यक्ष सुनील कुमार जायसवाल, सुधीर साहू, डॉ.दीपक कुमार, डॉ.अनिल कुशवाहा, डॉ.उमेर अली, योगेंद्र यादव, जुनैद बैम, आदित्य पांडे आदि मौजूद रहे।



कुरारा सीएचसी का निरीक्षण करतीं अपर निदेशक। अमृत विचार

# खंड शिक्षाधिकारी ने बच्चों को वितरित कीं पुस्तकें

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के सभी परिषदीय विद्यालयों के छात्र छात्राओं को पाठ्य पुस्तक वितरित की गई। खंड शिक्षा अधिकारी ने पुस्तक वितरित करते हुए शिक्षकों को समय से उपस्थित होकर बच्चों को पढ़ाने की निर्देश दिए।

मौजूदा समय में कस्बे में नौ परिषदीय विद्यालय संचालित हैं। जिनमें करीब डेढ़ हजार बच्चे अध्ययनरत है। नया सत्र शुरू होने पर बुधवार को खंड शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार निगम ने कस्बे के उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट में मौजूद रहकर छात्र छात्राओं को पाठ्य पुस्तक वितरित की।किताबें पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। बीईओ ने बताया कि इसके अलावा अन्य सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को पुस्तकें देकर विपरीत कराई गई। उन्होंने बताया कि कक्षा तीन चार पांच के बच्चों को सभी विषय की पुस्तक दी गई। जबकि कक्षा छह,सात व आठ के बच्चों को 70 फीसदी आई पुस्तकें दी गई है। कहा कि जो पुस्तकें शेष है। उन्हें शीघ्र मंगाकर वितरित कराई जाएंगी। इस मौके पर प्रधानाध्यापक गजेंद्र सिंह, अध्यापक ह्रदेश द्विवेदी, अभिषेक, धीरेंद्र आदि मौजूद रहे।

## तीन लोगों को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के बचरौली गांव की नहर की पुलिया के पास दो संदिग्ध व्यक्ति खड़े थे। मुखबिर ने थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक पंधारी सरोज ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ा। जिसमें एक ने अपना नाम कपूर पुत्र राज बहादुर व राहुल पुत्र अमर सिंह निवासीगण गोकुल का डेरा बताया। दोनों के पास से अवैध 315 बोर के एक एक तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ। वही क्षेत्र के परसी डेरा गांव के पास पुलिस ने अजय प्रताप पुत्र तुलसीराम को 315 बोर तमंचे के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# रैली निकालकर स्कूली बच्चों ने किया मतदाताओं को जागरूक

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इसके बाद मतदान करने को लेकर शपथ दिलाई गई। व्यापारियों व पत्रकारों के साथ बैठक कर इन्हें जागरुकता करने के लिए आगे आने का आह्वान किया।

बुधवार को तहसील क्षेत्र में चुनाव के लिए तैनात सेक्टर अधिकारियों की भी बैठक हुई। जिसमें व्यापारी नेता अवधेश पालीवाल, शिवकुमार सोनी आदि थे। लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और सभी मतदाताओं से मतदान करने के लिए चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कस्बे के देवी चौराहा से विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने एक मतदाता जागरूकता रैली निकाली। जो नेशनल चौराहा, थाना चौराहा, मलीकुआं चौराहा होते हुए तहसील प्रांगण में सम्पन्न हुई। रैली में बच्चों ने लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया। साथ ही मतदान करने को लेकर एसडीएम राजेश चंद्र ने शपथ दिलाई। इस दौरान सीओ श्रेयश त्रिपाठी, तहसीलदार बलराम गुप्ता, खण्ड शिक्षा अधिकारी रामगोपाल सहित रहमानिया कालेज, नेशनल कालेज, गांधी इंटर कालेज, विद्या देवी पालीवाल, विद्या मंदिर इंटर कालेज के साथ ही परिषदीय और मान्यता प्राप्त स्कूलों के छात्र छात्राओं और अध्यापकों ने भाग लिया।

- शत-प्रतिशत मतदान के लिए आयोजित हुई गोष्ठी



लोगों को मतदान की शपथ दिलाते एसडीएम राजेश चंद्र। अमृत विचार

## वाहन का इंतजार कर रहे वृद्ध की मौत

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बे के बेरी तिराहे मे वाहन का इंतजार कर रहे 62 वर्षीय वृद्ध की अचानक मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिजन शव को गांव ले गए।

थाना क्षेत्र के कंडौर गांव निवासी राम सहाय अनुरागी (62) पुत्र प्यारेलाल अपना उपचार कराने मुख्यालय गया था। वहां से वापस लौट कर कस्बे के बेरी तिराहे में वाहन के इंतजार में बैठा था। तभी अचानक उसकी हालत बिगड़ गई और अचानक मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिजन मृतक को गांव ले गए। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उमाशंकर ने बताया कि मृतक 2 वर्ष पूर्व से किडनी की बीमारी से जूझ रहा था। आर्थिक तंगी के चलते बड़े अस्पतालों में इलाज नहीं करवा पा रहा था।

बुधवार को मुख्यालय इलाज के लिए गया था। जहां वापस कुरारा आया और बेरी तिराहे में घर आने के लिए साधन का इंतजार कर रहा था, तभी उसकी मौत हो गई।

# नारा बुलंद : संकल्प हमारा न टूटे, कोई मतदाता न छूटे




ग्रामीणों को मतदान की शपथ दिलाते प्रधान। अमृत विचार

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को विकासखंड क्षेत्र के ग्राम भुलसी व बैजेमऊ में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली ग्राम के मुख्य मार्ग से होती हुई मतदान केंद्रों पर भी पहुंची। रैली के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मतदाताओं को जागरूक किया। रैली का उद्घाटन पंचायत सचिव नितेश चंदेल द्वारा किया गया।

सचिव नितेश चंदेल ने मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव में सबसे पहले बूथों पर जाकर मतदान करें और देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें। हम सभी को मिलकर मतदान प्रतिशत बढ़ाना है। रैली में शामिल लोगों ने हाथों में मतदाता जागरूकता के स्लोगन लिखे पोस्टर-बैनर ले रखे थे। संकल्प हमारा न टूटे, कोई मतदाता न छूटे के नारे भी लगाए। संगीत के माध्यम से भी मतदाताओं को वोट का महत्व समझाया गया।

प्रधान लल्लूराम ने ग्रामीणों को मतदान की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर प्रधानाध्यापक सत्य प्रकाश, शिक्षक अजय सिंह, कामता प्रसाद, प्रशांत शुक्ला, रोजगार सेवक दीनदयाल सिंह, पंचायत सचिव रोशनी साहू, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आदि मौजूद रहे।

### शत प्रतिशत मतदान के लिए किया जागरूक

**कुरारा।** विकासखंड क्षेत्र के गिमुहा और कुसमरा गांव में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया। लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए प्रशासन के निर्देश पर प्रतिदिन मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। बुधवार को खंड विकास अधिकारी विपिन गुप्ता की अध्यक्षता में गिमुहा और कुसमरा गांव में जागरूक महिलाओं व स्वयं सहायता समूह की दीदी व छात्र छत्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर ग्रामीणों को आने वाले लोकसभा चुनाव में वोट डालने के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर बीडीओ ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा लोग अपने मत का प्रयोग करे। मतदाता जागरूकता रैली में ब्लॉक मिशन प्रबन्धक मयंक सिंह, आंगनबाड़ी, आशा कार्यकत्री आदि मौजूद रहे।




कुसमरा गांव में जागरुकता रैली निकालते लोग। अमृत विचार

कार्यक्रम — कलेक्ट्रेट सभागार में स्वीप कार्यक्रम, जिलाधिकारी ने मौजूद लोगों को दिलाई शपथ

# धर्मगुरुओं ने लिया मतदान प्रतिशत बढ़ाने का संकल्प

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** बुधवार को निर्धारित स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के सभी समुदायों के धर्मगुरुओं व समाजसेवियों को जिले का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने मतदाता शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सभी धर्मगुरु समाज को मतदान का महत्व बताते हुए अपने प्रवचन एवं तकरीर में मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान के लिए अपील करें। जिससे हमारे जनपद में आगामी लोकसभा निर्वाचन में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत रहे।

इस अवसर पर मुस्लिम कारी सनाउल्लाह और हाफिज मीनू शहर काजी ने कहा कि सभी इमाम अपनी-अपनी मस्जिदों में जुमे में और ईदगाह में मतदाताओं को वोट जरूर डालने को कहेंगे। राधा कृष्ण मंदिर के पुजारी राम मनोहर दास तथा महामंडलेश्वर स्वामी सुबोधानंद ने कहा कि हिन्दू समाज के पुजारी प्रत्येक सोमवार मंगलवार को भजन, कीर्तन तथा मांगलिक कार्यों में अपील कर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक करेंगे।

मीडिया कर्मियों ने सुझाव दिया कि सोशल मीडिया का उपयोग कर एक यूनिट बनाकर प्रत्येक मतदाता तक संदेश जारी करने की बात कही। इस अवसर पर एडीएम नागेन्द्र नाथ यादव, एडीएम विजय शंकर तिवारी एडीएम, मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला, जिला विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, वली अहमद साबरी, पं जितेंद्र कुमार शुक्ला, जलीस खान, अनवर खान एवं समस्त मीडिया कर्मियों सहित सभी धर्मगुरु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्वीप कोआर्डिनेटर अकबर अली ने किया।




धर्म गुरुओं, समाजसेवियों को मतदान की शपथ दिलाते डीएम राहुल पांडेय

### अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया

**सरीला।** क्षेत्र के बंगरा गांव में सहायक विकास अधिकारी ने स्कूली बच्चों के साथ मतदाता जागरूकता रैली निकालकर शपथ दिलाई और लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया। सहायक विकास अधिकारी( आईएसबी) राम मनोहर सोनी ने रैली निकालते हुए कहा कि मतदान महादान है। इसमें हर मतदाता को वढ़ चढ़कर भागीदारी निभानी चाहिये। रैली में मतदान जागरूकता के स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर चल रहे स्कूली बच्चों ने गांव की गली और सड़कों से रैली निकाली तथा लोगों को अधिक से अधिक मतदान के करने के लिये जागरूक किया। सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) श्याम सुन्दर सोनकर ने बताया कि क्षेत्र के मंगरौल गांव में भी मतदाता जागरूक रैली का आयोजन किया गया है। इस मौके पर स्वास्थ्य, बाल विकास विभाग सहित सचिव व ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे।

# मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरुकता अभियान पर दिया बल

संवाददाता, सरीला

**अमृत विचार।** तहसील सभागार में बुधवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता चुनाव का पर्व देश का गर्व कार्यक्रम के तहत एसडीएम की अध्यक्षता में तहसील के पत्रकारों की गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरुकता अभियान चलाने की अपील की गई।

तहसील सभागार में आयोजित गोष्ठी में एसडीएम राज कुमार गुप्ता ने पत्रकारों से कहा कि बूथ तक जाकर मतदान करना प्रत्येक मतदाता का कर्तव्य है। इसलिए प्रबुद्ध वर्ग की नैतिक जिम्मेदारी है कि वो जागरूकता कार्यक्रम चलाकर और अपने आस पड़ोस के लोगों को चुनाव आयोग के दिशा निर्देश का पालन करते हुए अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर तहसीलदार रविन्द्र कुमार पाल, लेखपाल रघुकुल भूषण के अलावा केके द्विवेदी, अमित शुक्ला, सुशील लखेरा, हरनारायण प्रजापति, रमेश कुमार, अमित, धर्मेंद्र, आदि मौजूद रहे हैं।



गोष्ठी को संबोधित करते एसडीएम राजकुमार गुप्ता। अमृत विचार

# हमीरपुर- कालपी स्टेट हाईवे पर होगा ओवरब्रिज का निर्माण

## बेतवा व यमुना में निर्माणाधीन पुलों का लोनिवि के चीफ इंजीनियर ने किया निरीक्षण

संवाददाता,हमीरपुर

**अमृत विचार।** कानपुर सागर हाईवे का भार कम करने के लिए रोहाइन नाला सहित दोनों नदियों में निर्माणाधीन समानांतर पुलों का लोनिवि के चीफ इंजीनियर ने औचक निरीक्षण किया। साथ ही सेतु निगम को फटकार लगाते हुए जून माह तक एक लेन तैयार करने को कहा है। वहीं हमीरपुर कालपी स्टेट हाईवे के ऊपर से ओवरब्रिज पुल बनाए जाने के निर्देश लोनिवि को दिए हैं। कहा कि मार्च 25 तक हर हाल में बाईपास का काम खत्म हो जाना चाहिए।

जिले से निकले कानपुर सागर हाईवे पर आए दिन लग रहे जाम व हादसों को रोकने के लिए शहर स्थित सिटी फॉरेस्ट के पास से दोनों नदियों यमुना बेतवा व रोहाइन नाला पर सेतु निगम समानांतर नए पुलों का निर्माण करा रहा है। इसके लिए शासन ने कार्यदायी संस्था को 302 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की है। पिछले चार सालों से निर्माणाधीन पुलों का करीब 75 फीसदी कार्य पूरा हो सका है। जबकि इसे मार्च 2024 तक बनकर तैयार होना था। लेकिन कार्य बढ़ने से बाईपास का कार्य अभी तक अटका है। जिसके निरीक्षण को आए बांदा मंडल के लोनिवि चीफ इंजीनियर कन्हैया झा ने पुलों का निरीक्षण किया। कार्यदायी संस्था को कड़ी फटकार लगाते हुए उन्होंने आगामी जून माह तक एक लेन चालू करने को कहा है। कहा कि हर हाल में मार्च 2025 तक पुलों का कार्य पूरा होना चाहिए। लापरवाही किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही लोनिवि के अधिशासी अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि बाईपास से निकल रहे हमीरपुर कालपी स्टेट हाईवे के ऊपर से ओवरब्रिज पुल का निर्माण कराया जाए। जिसका इस्टीमेट तैयार कर निदेशालय को भेजने के निर्देश दिए हैं। कहा कि कार्य में शिथिलता किसी भी हालत में स्वीकार नहीं होगी।


निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण करते लोनिवि के चीफ इंजीनियर। अमृत विचार

> विभाग के चीफ इंजीनियर ने रोहाइन नाला बाईपास पुलों का निरीक्षण किया है। बताया कि कानपुर के रामपुर मोड़ से लेकर रोहाइन नाला तक 2400 मीटर सीसी सड़क का कार्य पूरा कर लिया गया है। कहा कि स्टेट हाईवे के ऊपर से ओवरब्रिज पुल बनाने के निर्देश दिए हैं। जिसका आगणन तैयार कर निदेशालय को भेजा जाएगा। कहा कि बरसात के पहले एक लेन चालू करने के निर्देश सेतु निगम को दिए हैं।
>
> **एमएल वर्मा, अधिशासी अभियंता लोनिवि**

## पहाड़ के नीचे बोरे में मिला युवक का शव हत्या की आशंका

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के टूंका गांव में पहाड़ की खुदाई में हुए गहरे गड्ढे में बुधवार को एक अज्ञात युवक का सड़ा गला शव मिलने से सनसनी फ़ैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आशंका जताई जा रही है कि कहीं बाहर से हत्या कर शव फेंका गया है। पुलिस ने जांच के बाद ही कोई कार्रवाई करने की बात कही है।

टूंका गांव के बाहर एक पहाड़ है। जिस पर खनन कार्य करने वालों ने पत्थर की तुड़ाई करने में भारी भरकम गड्ढे कर दिए हैं। करीब 50 फिट एक गहरे गड्ढे में बुधवार को बोरे में भरा सड़ा गला युवक का शव अज्ञात हत्यारे फेंक गए। मृत युवक की उम्र करीब 25 साल बताई जा रही है। पुलिस को आशंका है कि शव करीब आठ दस दिन पुराना है। शव से उठ रही दुर्गंध से लोग जब वहां पहुंचे तब जानकारी हो सकी। चौकीदार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक की शिनाख्त अभी नहीं हो पाई है। पुलिस जांच कर रही है।

# आर्म्स एक्ट के मामले में दो दोषियों को कारावास

संवाददाता,हमीरपुर

**अमृत विचार।** आर्म्स एक्ट के दो मामलों में दो दोषियों को अदालत ने कारावास व अर्थदंड से दंडित किया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट निहारिका जायसवाल की अदालत ने 26 साल पुराने मामले में दोषी को साढ़े तीन साल की कैद व 1200 रुपये का अर्थदंड लगाया है। सहायक अभियोजन अधिकारी पवन वाजपेयी ने बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के गौरा देवी मोहल्ला निवासी दोषी विनोद कुमार को पुलिस ने 10 फरवरी 1997 को गस्त के दौरान कालपी चौराहा के पास से तमंचा कारतूस सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोषी विनोद निषाद को साढ़े तीन वर्ष की जेल व 1200 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

इसी तरह आर्म्स एक्ट के 23 साल पुराने मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट निहारिका जायसवाल की अदालत ने दोषी को 46 दिन की सजा सुनाई है। साथ ही 1200 रुपये का अर्थदंड लगाया है। सहायक अभियोजन अधिकारी पवन वाजपेयी ने बताया कि कुरारा पुलिस ने 28 दिसंबर 2000 को मिश्रीपुर निवासी दोषी शशि यादव को तमंचा कारतूस सहित गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत जेल भेजा था। बताया कि मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दोषी शशि यादव को जेल में बिताई गई अवधि( करीब 46 दिन) व 1200 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

### मादक पदार्थ तस्करी में दोषी को नौ माह की सजा

**हमीरपुर।** मादक पदार्थ की तस्करी करने के डेढ़ साल पुराने मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय मनोज कुमार शासन की अदालत ने दोषी को नौ माह की कैद व पांच हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रवीण भदौरिया ने बताया कि कुरारा थाना पुलिस ने तीन जून 2022 को मादक पदार्थ की तस्करी करते दोषी रिंकू सैनी निवासी झलोखर को एक किलो 200 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेजा था। जिसकी सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दोषी रिंकू सैनी को नौ माह का कारावास व पांच हजार अर्थदंड से दंडित किया है।

## कचरा डालकर क्षतिग्रस्त रोड को ढकने की कवायद

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** करीब दो माह पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की रोक के बाद रातों-रात आनन फानन में बनाई गई सीसी अचानक धंसकर टूटने पर नगर पंचायत अब उस पर कचरा डालकर ढकने की जद्दोजहद कर रहा है।

करीब दो माह पूर्व श्री गायत्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के बगल में संस्कृत विद्यालय मार्ग तक 39 लाख रुपये की लागत से सीसी मार्ग एवं नाली निर्माण कराया गया था। सीसी मार्ग निर्माण के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने हाईवे की जमीन पर निर्माण करने पर आपत्ति जताई थी। कार्य में किसी तरह का खलल न पैदा हो जाए इसको मद्देनजर रखकर कार्यदायी संस्था ने रातों-रात हाईवे की जमीन पर सीसी का निर्माण करा दिया था। इसी जगह पर यह सीसी बुरी तरह से टूट गई है। अब नगर पंचायत टूटी हुई सीसी रोड को ढकने के लिए कचरा डाल रहा है ताकि लोगों की नजर घटिया निर्माण की ओर न जाए। नगर पंचायत के अवर अभियंता रमेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि सीसी मार्ग टूटने की जानकारी मिली है।

# अधिक शराब पीने से अधेड़ की मौत

संवाददाता, राठ(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** जरिया थाने के करौंदी गांव में 45 वर्षीय एक शराबी व्यक्ति की अत्यधिक शराब पीने की वजह से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा मृतक व्यक्ति के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम करने के लिए आए मृतक व्यक्ति के परिजनों व ग्रामीणों ने गांव में कई जगह अवैध रूप से अवैध शराब बनाने व बेचने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार जरिया थाना क्षेत्र के करौंदी गांव के निवासी सुघर सिंह (45) पुत्र धूराम जो कि अविवाहित था एवं अत्यधिक शराब पीने का लती था। तथा अत्यधिक मात्रा में शराब पीने से उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों व करौंदी गांव के निवासी ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में शराब का कोई भी ठेका नहीं है। लेकिन बावजूद इसके गांव में बीते कई वर्षों से कुछ लोग अवैध शराब का निर्माण कर उसकी बिक्री करते हैं तथा कुछ लोग देशी शराब के ठेके की शराब को अवैध रूप से बेचते हैं। बताया कि अत्यधिक शराब पीने की वजह से ही सुघर सिंह की मौत हुई है। मामले में जरिया थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक व्यक्ति के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है तथा कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी।

## अलविदा जुमा पर अवकाश घोषित करें

**हमीरपुर।** अलविदा जुमा की नमाज को लेकर पांच अप्रैल को अवकाश घोषित करने के लिए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह चंदेल, कुरारा ब्लाक अध्यक्ष रघुराज कुटार, अनुराग भदौरिया, उत्कृष्ठ वीर सिंह, गौरव नामदेव, राघवेंद्र सिंह, संजीव कुमार सिंह आदि ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि जनपदीय अवकाश तालिका में घोषित अवकाश उल्लिखित है। लेकिन बेसिक शिक्षा विभाग की अवकाश तालिका में अलविदा जुमा पर अवकाश तालिका में घोषित नहीं है। संघ ने बीएसए से अवकाश घोषित करने की मांग की है।

# गोवंश की रसीद काटने का मामला गरमाया

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- नगर पंचायत पर सुपुर्दगी के नाम पर धनराशि वसूलने का आरोप

**अमृत विचार।** कान्हा गौशाला से पशुपालकों को सुपुर्द की गई दुधारू गायों में नगर पंचायत ने मनमानी की। गाय लेने वाले पशुपालकों की जबरिया पांच सौ रुपये की रसीद काटने का मामला गरमा गया है। पशु चिकित्सा अधिकारियों के मुताबिक यह नियम विरुद्ध है और शासन की मंशा के विपरीत है।

सुमेरपुर कस्बे की कान्हा गौशाला से प्रतिदिन गोवंश कम होने का पशुपालन विभाग ने जब खुलासा किया तो नगर पंचायत अध्यक्ष बचाव में उतर आए और आरोपों को निराधार बताया था।

पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ.अंकुर सचान के अनुसार मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार पशुपालकों को बेसहारा गोवंश पालन के लिए कान्हा गौशाला से फरवरी व मार्च माह में 14 दुधारू गाय पशुपालकों को सौंपे गए हैं, लेकिन नगर पंचायत ने इन पशुपालकों से पांच-पांच सौ रुपये वसूल किए हैं।

जो शासन की मंशा के अनुरूप नहीं है। शासन की ओर से बेसहारा गोवंश को गोद लेने पर वाले पशुपालक को भरण पोषण के लिए हर महीने धनराशि दी जाती है। पशु चिकित्सा अधिकारी के अनुसार कान्हा गौशाला से कस्बा निवासी देवकीनंदन पांडेय, रामखिलावन मिश्रा, संजय, अच्छे बाबू, सुखपाल सिंह, रज्जन, सुरेश पाल, फूलचंद, करन सिंह, रामराज, श्रीप्रकाश, पंधरी निवासी गेंदालाल, गोरे यादव तथा इंगोहटा निवासी राम बहादुर यादव को बेसहारा गोवंश सुपुर्द किए गए।



इन्हीं पशुपालकों से वसूली की गई है। नगर पंचायत ईओ कुलकमल सिंह यादव ने बताया कि पशु चिकित्सा अधिकारी के आरोप निराधार है। रुपये पालतू पशु छोड़ने वालों से जुर्माना के तहत लिए गए हैं। गोवंश सुपुर्दगी में लेने वालों से कोई धनराशि नहीं ली जाती है।

## सार-संक्षेप


पातालेश्वर मंदिर का सर्वे करती टीम। अमृत विचार

### प्राचीन पातालेश्वर मंदिर के जीर्णोद्धार का प्रयास तेज

**हमीरपुर।** शहर के प्राचीन प्रसिद्ध पातालेश्वर मंदिर प्रांगण में जीर्णोद्धार सुंदरीकरण को लेकर किए गए प्रयास सफल होते दिख रहे हैं। सभासद की ओर से जीर्णोद्धार के लिए लिखे गए पत्र पर बुधवार को पर्यटन विभाग की टीम ने सर्वे किया। इस कार्य में करीब 60 रुपये खर्च आएगा। नगर पालिका परिषद के सभासद प्रतिनिधि बउआ ठाकुर ने पर्यटन मंत्री को पत्र भेजा था। जिसमें पातालेश्वर मंदिर के जीर्णोद्धार कराने को कहा था। मंदिर में दूर दूर से भक्त दर्शन करने आते हैं। वर्तमान में मंदिर की स्थिति बहुत दयनीय हो चुकी है। इंटरलॉकिंग ध्वस्त हो चुकी है। उसमें पर्यटन की दृष्टि से उसका जीर्णोधार करवाया जाए। ताकि प्राचीन पातालेश्वर मंदिर की स्थिति में एक अलौकिक सौंदर्य में परिवर्तित हो जाए। इसको लेकर पर्यटन अधिकारी चित्रकूट अनुपम श्रीवास्तव विभागीय कर्मचारियों के साथ सर्वे के लिए आए।

# यात्रियों को शीतल पेयजल तक नहीं

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** शहर स्थित रोडवेज डिपो पर रोजाना हजारों यात्रियों का आना जाना होता है। लेकिन गर्मियों में इनकों यहां ठंडा पानी तक नसीब नहीं होता है।

दो साल से रोडवेज बस अड्डे पर वाटर कूलर तक नहीं है। जबकि रोजाना 122 बसों से करीब आठ हजार से अधिक यात्रियों का आवागमन होता है। हालांकि शासन की ओर से स्टेशन में एक आरओ लगा है। जिसमें पैसे देकर यात्रियों को ठंडा पानी नसीब हो पाता है। उसमें भी अगर किसी कारण वश दुकान बंद है तो यात्रियों को प्यास बुझाने के लिए खरीद कर पानी पीना पड़ता है।

शहर स्थित रोडवेज डिपो में रोजाना 122 बसों का आवागमन होता है। जिनसे करीब आठ से नौ हजार यात्री प्रतिदिन आते जाते हैं। इधर गर्मियों का मौसम तेजी के साथ अपने तेवर बदल रहा है। 38 डिग्री तापमान में लोगों को गला तर करने के लिए डिपो में ठंडा पानी तक नसीब नहीं होता है। सप्लाई वाला सादा पानी से ही काम चलाना पड़ रहा है। जहां साफ सफाई की भी ठीक ठाक व्यवस्था नहीं है। पूर्व में लगा वाटर कूलर भी दो सालों से गायब है। हालांकि करीब चार साल पूर्व सरकार ने डिपो में आरओ फ्रीजर लगवाया था।

जिसमें यात्रियों को पांच रुपये प्रति लीटर पानी मिलता है। अगर किसी कारण वश दुकान बंद है तो लोगों को 20 रुपये बॉटल के हिसाब से पानी खरीदकर पीना पड़ता है। परिसर में लगा हैंडपंप का भी कोई अता पता नहीं है।

डिपो में शासन की ओर संचालित आरओ फ्रीजर के दुकनदार नूर मोहम्मद ने बताया कि चार साल पूर्व शासन ने एक्वा बाइट कंपनी को आरओ फ्रीजर लगाने का टेंडर दिया था। जिसके तहत यात्रियों को पांच रुपये प्रति लीटर ठंडा पानी दिया जाता है। कहा कि रोजाना 50 से 60 लीटर पानी बिक जाता है।

### औसतन 500 लीटर पानी की हो जाती बिक्री

डिपो के बाहर सड़क किनारे चाय, समोसा व पानी की दुकान किए दुकानदार सानू ने बताया कि डिपो के आस पास कई दुकानें हैं। कहा कि फिर भी उनका 35 से 40 लीटर पानी प्रतिदिन बिक जाता है। कहा कि औसतन सभी दुकानों की बिक्री देखी जाए तो करीब 500 लीटर पानी की बिक्री हो जाती है।

> वाटर कूलर कब से नहीं है, उन्हें जानकारी नहीं है। अभी हाल ही में चार्ज संभाला है। कहा कि वाटर कूलर का मांगपत्र तैयार कर निदेशालय को भेजा जाएगा। साथ ही पानी टंकी की साफ सफाई कराए जाने के निर्देश दिए हैं।
>
> **आरपी साहू, एआरएम हमीरपुर**

# सरकारों की उपलब्धियां बताएंगे भाजपा कार्यकर्ता

संवाददाता,बबेरू

**अमृत विचारः** भारतीय जनता युवा मोर्चा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की विधान सभा स्तरीय बैठक में शीर्ष नेतृत्व के निर्देशों की जानकारी दी गई। कहा कि घर-घर जाकर संपर्क अभियान चलाकर लोगों को केंद्र और प्रदेश सरकारों की उपलब्धियां बताई जाएंगी।

प्रदेश उपाध्यक्ष व लोकसभा प्रभारी विकास श्रीवास्तव बाबा ने बताया कि 7 अप्रैल से 18 मई तक भाजयुमो के तत्वाधान में मंडल युवा सम्मेलन, प्ले कार्ड, मंडल बाइक रैली, वन बूथ टेन यूथ योजना, घर-घर संपर्क अभियान आदि के माध्यम से मतदाताओं के पास पहुंचकर उन्हें शासन द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।


बैठक को संबोधित करते भाजयुमो कार्यकर्ता। अमृत विचार

इस मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष मोहित गुप्ता, जिला मंत्री संदीप सिंह, विनय तिवारी, विधानसभा क्षेत्र संयोजक विष्णु प्रताप सिंह, इंद्रेश दिवेदी, मंडल अध्यक्ष सौरभ शिवहरे, मरका मंडल अध्यक्ष दिनेश निषाद आदि अनेक लोग उपस्थित रहे।

## गांजा की खेती करने वाले को पकड़ा

**कमासिन।** घर के आंगन में गांजा की खेती करने वाले एक आरोपी को कमासिन थाना पुलिस ने छापामार कर गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी के पास से पुलिस ने तीन किलो 64 ग्राम गांजा बरामद किया है। अदालत में पेश करने के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जनपद में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण लगाने और अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध पुलिस लगातार धरपकड़ की कार्रवाई कर रही है। कमासिन पुलिस ने कोर्रा बुजुर्ग गांव में छापा मारकर नेताराम पुत्र बुसीवा के घर में बने आंगन में गांजा की खेती करते हुए पकड़ लिया। उसके पास से पुलिस ने 3.64 किलोग्राम गांजा बरामद किया।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

कुरारा प्रीमियर लीग

ब्लाक प्रमुख ने विजेता टीम के कप्तान को 51 हजार रुपये व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया

# प्रधान इलेवन जालौन 38 रनों जीती, ट्रॉफी पर किया कब्जा

संवाददाता, कुरारा(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के झुमरी तलैया तालाब में क्रिकेट टूर्नामेंट कुरारा प्रीमियर लीग का फाइनल मैच में प्रधान इलेवन जालौन व कदौरा की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें प्रधान इलेवन जालौन ने 38 रनों से जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा किया।

कस्बे के झुमरी तलैया तालाब में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में फाइनल मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रधान इलेवन जालौन टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 170 रन बनाये। टीम के प्रियांक 50 रन, भोला सेंगर 49 रन व कप्तान प्रदीप ठाकुर ने 26 रन बनाये। कदौरा टीम के गेंदबाज समीर ने 3 विकेट, श्रेयश ने 4 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कदौरा टीम 19 ओवर में 132 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम के मनीष ने 60 सर्वाधिक रन बनाए। अर्जुन सिंह 30 व श्रेयश बाजपेयी 18 रन बनाए। जालौन के गेंदबाज प्रियांक व अनिकेत ने 3-3 विकेट लिए। प्रियांक को 50 रन व तीन विकेट लेने पर मैन ऑफ द मैच दिया गया। जबकि अनिकेत तिवारी को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कर दिया गया। विजेता टीम को नगद राशि 51 हजार व ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 25 हजार नगद व ट्रॉफी दी गई। मैन ऑफ द मैच को सैमसंग का फोन महादेव मोबाइल शॉप रणविजय सिसोदिया ने दिया। मैन ऑफ दी सीरीज की ट्रॉफी बजरंग ट्रेडर्स के रमेंद्र सिंह सेंगर ने दी। उपविजेता ट्रॉफी साई मोटर्स कुरारा अनिल शुक्ला व सुमित यादव ने मिलकर दिया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल, टूर्नामेंट के अध्यक्ष पप्पन पालीवाल, शीलू गुप्ता, रमन सिंह आजाद, डॉ.राहुल आर्या, आकाश पालीवाल, विक्की राजावत सहित हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। कमेंट्री मोहन भदौरिया, सूरज श्रीवास्तव, दीपक द्विवेदी ने की। स्कोरर मनीष पांडेय रहे व अंपायर लाला और कपिल यादव रहे। कमेटी से शुभम तिवारी, लल्ला, बउआ यादव, छोटू द्विवेदी, कल्लू सिंह का टूर्नामेंट कराने में विशेष सहयोग रहा।


विजेता टीम के कप्तान को ट्रॉफी देते ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल। अमृत विचार

आवश्यकता है
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित अमृत विचार को
रिपोर्टर /सब एडिटर/सीनियर सब एडिटर की
न्यूनतम योग्यता:- स्नातक
मुख्यधारा के अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

